डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

झुग्गी झोपड़ी

हिन्दी दैनिक प्रयागराज से प्रकाशित हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,मंगलवार 28 मार्च,2023 वर्ष–07 / अंक–305 प्रष्ठ–08 / मूल्य–2 रूपये

भाजपा में यूपी संगठन की नई लिस्ट से मिला इशारा,

भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश संगठन की नई लिस्ट से संगठनात्मक स्तर पर बदलाव के साथ कई संदेश भी छिपे हुए हैं। यह संदेश

आने वाले लोकसभा चुनावों की तैयार होने वाली प्रत्याशियों की सूची को लेकर बहुत हद तक स्पष्ट नजर आ रहा है। संगठनात्मक स्तर पर जिस तरह से क्षेत्रीय अध्यक्षों के सभी नए नाम घोषित किए गए हैं, उस आधार पर राजनीतिक विश्लेषक अनुमान लगा रहे हैं कि लोकसभा के टिकटों में भी कई नए नाम दिखेंगे। जबकि कई पुराने सांसद या प्रत्याशी रिपीट नहीं होंगे। इसके अलावा 2024 के चुनावी माहौल को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी में प्रदेश पदाधिकारियों की नई सूची में सभी समीकरणों को साधने की कोशिश भी की है, जिसमें दलित और ओबीसी को ज्यादा से ज्यादा जगह देकर भाजपा ने अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं।

क्षेत्रीय अध्यक्ष को अपने पुराने पद पर रिपीट नहीं

2024 के लोकसभा चुनावों को देखते हुए भाजपा ने प्रदेश पदाधिकारियों की नई सूची में जो बदलाव किए हैं, उससे सभी चुनावी समीकरण साधने की पूरी कोशिश की गई है। राजनीतिक विश्लेषक जटाशंकर सिंह कहते हैं कि इस सूची में वैसे तो भाजपा ने हर तरीके से सियासी समीकरण साधे हैं, लेकिन सबसे ज्यादा संदेश देने वाला फेरबदल क्षेत्रीय टीम के नेतृत्व से दिया गया है। उनका कहना है कि किसी भी क्षेत्रीय अध्यक्ष को अपने पुराने पद पर रिपीट नहीं किया गया है। जटाशंकर सिंह का मानना है कि क्षेत्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारियों में किए गए महत्वपूर्ण बदलाव सामान्य बदलाव नहीं हैं। उनका मानना है कि यह स्पष्ट इशारा है कि आने वाले दिनों में होने वाले लोकसभा के चुनावों में बहुत से बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। सियासी गलियारों में अनुमान लगाया जा रहा है कि लिस्ट में कई चेहरे ऐसे होंगे जो वर्तमान सांसद तो होंगे, लेकिन आने वाले लोकसभा के चुनावों में उनको टिकट नहीं मिलेगा।

राजनीतिक विश्लेषण जटाशंकर सिंह कहते हैं कि एक तो भारतीय जनता पार्टी हमेशा से ही चुनाव में प्रत्याशियों के चयन को लेकर प्रैक्टिकल रूप प्रयोगात्मक तौर पर सबसे आगे रही है। ऐसे में चुनाव से कुछ वक्त पहले संगठनात्मक स्तर पर हुए बड़े फेरबदल बहुत कुछ कहते हैं। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि पार्टी ने एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत को अमल में लाकर जिस तरह मंत्रिमंडल के सदस्यों को संगठन में जगह नहीं दी है उससे भी भारतीय जनता पार्टी में एक संदेश देने की कोशिश की है। इसके अलावा पार्टी ने जिस तरह से युवा चेहरों पर संगठन में शामिल किया गया है, उससे एक बात तो स्पष्ट होती है कि आने वाले लोकसभा के चुनावों में किस तरह से प्रत्याशियों के चयन किए जाने वाले हैं।

चुनाव में महिलाओं की बढ़ सकती है भागीदारी

वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषण जीडी शुक्ला कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी ने इस बार संगठन में जिम्मेदार चेहरों पर दांव लगाकर पार्टी ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि वह जिताऊ प्रत्याशी के साथ रणनीति बनाने वालों को तरजीह दे रहे हैं। खासतौर से महामंत्रियों को रिपीट कर पार्टी ने यही संदेश दिया है। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर महिलाओं को तरजीह दी गई है। जीडी शुक्ला कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी में महिलाओं का ठीकठाक बोलबाला रहा है। लेकिन इस बार लोकसभा चुनावों से पहले जिस तरह महिलाओं को न सिर्फ जिम्मेदारी दी गई है बल्कि संख्या बढाई गई है, उससे अनुमान लगाया जाना स्वाभाविक है कि लोकसभा के चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बढ़ सकती है।

भारतीय जनता पार्टी ने युवा चेहरों पर दांव लगाते हुए अभिजात मिश्रा, सुरेश पासी, अर्चना मिश्रा और शिव भूषण सिंह को जगह दी गई है। इसके अलावा पदाधिकारियों में दलित और ओबीसी को भी अच्छी खासी जगह दी गई है। राजनीतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार जीडी शुक्ला कहते हैं कि जाति और क्षेत्र के लिहाज से भारतीय जनता पार्टी ने अपने संगठनात्मक स्तर पर जो बैलेंस बनाया है वह आगामी लोकसभा के चुनावों की सियासी नींव बनाने जैसा है। जीडी शुक्ला कहते हैं कि जब संगठन स्तर पर क्षेत्रीय प्रमुखों का बदलाव पूरी तरीके से किया जा सकता है,

ममता बनर्जी ने राष्ट्रपति मुर्मू को कहा गोल्डन लेडी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया। सीएम बनर्जी ने उनसे देश के संविधान की रक्षा करने की अपील की। मैडम राष्ट्रपति, आप इस देश की संवैधानिक प्रमुख हैं। मैं आपसे संविधान और इस देश के गरीब लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने का अनुरोध करूंगी। हम आपसे

उन्होंने राष्ट्रपति मुर्मू से इसे संकट से बचाने की अपील की। इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू के स्वागत समारोह में ममता बनर्जी ने उनकी सराहना श्गोल्डन लेडीश के रूप में की। मुर्मू पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को यहां पहुंचीं। उन्होंने कहा कि देश में विभिन्न समुदायों, जातियों तथा पंथों के लोगों की युगों से सद्भाव के साथ रहने की एक गौरवशाली विरासत रही है। ममता बनर्जी ने कहा कि इसे आपदा से बचाने का अनुरोध करेंगे ।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया। सीएम बनर्जी ने उनसे देश के संविधान की रक्षा करने की अपील की। उन्होंने राष्ट्रपति मुर्मू से इसे संकट से बचाने की अपील की। इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू के स्वागत समारोह में ममता बनर्जी ने उनकी सराहना श्गोल्डन लेडीश के रूप में की। मुर्मू पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को यहां पहुंचीं। उन्होंने कहा कि देश में विभिन्न समुदायों, जातियों तथा पंथों के लोगों की युगों से सद्भाव के साथ रहने की एक गौरवशाली विरासत रही है। ममता बनर्जी ने कहा कि मैडम राष्ट्रपति, आप इस देश की संवैधानिक प्रमुख हैं। मैं आपसे संविधान और इस देश के गरीब लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने का अनुरोध करूंगी।

शूटिंग चौंपियनशिप प्रतियोगिता में अयोध्या के पैरा शूटिंग खिलाड़ी तिरंकारी मणि त्रिपाठी ने दिखाया दम

अयोध्या । उत्तर प्रदेश की राजधानी में शूटिंग चौंप्स एकेडमी लखनऊ के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय ऑल इंडिया ओपन शूटिंग चौंपियनशिप लखनऊ में आयोजित शूटिंग चौंपियनशिप में जनपद अयोध्या के एम 10 गुणे शूटिंग एकेडमी अयोध्या के कोच सेवानिवृत्त कैप्टन दिनेश के दिशानिर्देशन में जनपद अयोध्या के शूटरो ने प्रतिभाग किया। जिसमें शिवम सिंह ने राइफल श्रेणी में स्वर्ण पदक एवं प्रनत पाल सिंह ने स्वर्ण एवं कांस्य पदक अपने वर्ग में राइफल श्रेणी में जीतने में सफलता प्राप्त की।

तिरंकारी मणि त्रिपाठी को पैरा श्रेणी में पिस्टल शूटिंग वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल करने में सफलता प्राप्त हुई। भास्कर पाण्डेय ने स्वर्ण पदक, शिवम तिवारी ने कांस्य पदक एवं साक्षी चौबे ने चांदी पदक पिस्टल शूटिंग में अपने वर्ग में प्राप्त किया। यह जनपद अयोध्या के लिए एक नया आयाम है, जिसमें युवाओं को देश हित में खेल क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर की संभावनाओं को बल मिला है। तिरंकारी मणि त्रिपाठी ने इससे पूर्व उत्तर प्रदेश की राजधानी में शूटिंग चौंप्स एकेडमी लखनऊ के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय ऑल इंडिया ओपन शूटिंग चौंपियनशिप में अपने कोच सेवानिवृत्त कैप्टन दिनेश सिंह के दिशानिर्देशन में जनपद अयोध्या से पैरा शूटिंग में प्रतिभाग किया। जिसमें मुझे पैरा श्रेणी पिस्टल शूटिंग वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल करने में सफलता प्राप्त की।

आजमगढ़ शहर मे पुल से नदी मे पति–पत्नी ने छलांग लगाई

आजमगढ़ शहर के हरिबंसपुर मे शाही पुल के पास उस समय अफरा तफरी मचगयी जब एक दंपति ने नये पुल से नदी में छलांग लगा दिया । पुलिस और जनता की मदद से दोनों को बाहर निकाला गया। हालांकि इस दौरान युवक की मौत हो गई। वहीं युवती का उपचार अस्पताल में चल रहा है। जांच में पता चला कि नदी मे कुदने वाले दोनों पति–पत्नी हैं। इस घटना को लेकर क्षेत्र मे तरह तरह की चर्चा हो रही है।

उपरोक्त पुल से एक युवक और युवती को बारी–बारी से छलांग लगाते हुए देखकर लोग भौंचक रह गए। कुछ ही देर में लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। किसी प्रकार से दोनों को बाहर लाया गया। इसे बाद दोनों को गाड़ी पर लादकर जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर युवक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि युवती दर्द से तड़प रही थी।जिसका उपचार चल रहा है

आसमान में बादल एवं बूंदाबांदी से किसानों का कलेजा सूखा

(जौनपुर) । रविवार को दोपहर के बाद आसमान में छाए बादलों को देखकर किसानों का कलेजा सूख गया । भारी नुकसान की आशंका से किसान परेशान हो उठे है। गत दिनों हुई तूफानी बारिश में गेहूं और सरसों की फसलें लोट गई । जिसके कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ था । उनकी फसलें अभी पूरी तरह से सूख कर खड़ी भी नहीं हो सकी थी कि दुबारा आसमान में बादलों को देख उनके होश उड़ने लगे । किसानों का मानना है कि हल्की बारिश में भी उनकी फसलों को प्रभावित कर देगी। बताते चलें कि इन दिनों किसानों की सरसों चना मटर अरहर आदि फसलें लगभग पक कर तैयार हो गई है तथा किसान उनकी कटाई कर मड़ाई में जुट गया है। बारिश का असर आलू की फसल पर बुरा प्रभाव डाल दिया है । बारिश से आलू एवं गेहूं की फसलों को सबसे अधिक प्रभावित कर नुकसान पहुंचाया है। बारिश के चलते आलू की खोदाई का कार्य थम गया है । खेतों में कटी सरसों की फसल के बचाव को लेकर किसान परेशान हो कर तमाम तरह के प्रयास कर रहे हैं। सरसों की फसल खेतों में पूरी तरह तैयार हो चुकी है। ऐसे समय में बेमौसम की बारिश से फसलों को काफी क्षति हो जाएगी । अगर कहीं बारिश ज्यादा हुई तो फसल बर्बाद हो जाएगी। जागरूक किसान विजय कुमार पाण्डेय का कहना है कि इस मौसम में बारिश फसलों के लिए बहुत अधिक नुकसानदायक है। बारिश से गेहूं, सरसों चना मटर अरहर के साथ ही आलू के खराब होने की ज्यादा संभावना है।

प्रचंड बहुमत प्राप्त करेंगे भाकपा महागठबंधन प्रत्याशी आनंद पुष्कर – जिला सचिव विद्यासागर विद्यार्थी

सारण जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के वर्तमान सचिव विद्या सागर विद्यार्थी ने शिक्षक संपर्क अभियान के दौरान एक बयान में कहा है कि भाकपा महागठबंधन प्रत्याशी एवं स्व० केदारनाथ पांडे जी के पुत्र आनंद पुष्कर इसबार का उपचुनाव प्रचंड बहुमत से जीतेंगे।आगे उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी हमारे परिवार के सदस्य हैं मैं आप सभी से अपील करता हूं कि एमएमसी स्वर्गीय केदारनाथ पांडे जी के मृत्यु पश्चात जो पद रिक्त हुई है उस पद पर तथा शेष कार्यकाल के लिए उनके पुत्र आनंद पुष्कर को भेजना सर्वहित है।

आनंद पुष्कर योग्य, कर्मठ और जुझारू है उनमें कार्य करने की जज्बा है। उन्हें मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री के अलावा बहुत सारे मंत्रियों का साथ और सहयोग प्राप्त है। उनके जीत के पश्चात सरकार से बेहतर समन्वय स्थापित होगा और इस जीत के पश्चात इस बार शिक्षक हित में अधिक से अधिक कार्य देखने को मिलेगा। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव द्वारा भी उन्हें बहुत पहले से ही समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त है।समर्थन देने वालों में सारण प्रमंडल के सचिव संतोष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष उमेश चन्द्र पाण्डेय, संयुक्त सचिव लालबाबू सिंह,बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ शाखा सीवान के अध्यक्ष बागेन्द्र नाथ पाण्डेय, जिला सचिव बीरेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष मनन प्रसाद सिंह, सचिव मूल्यांकन परिषद् मनोरंजन कुमार सिंह, प्रांतीय सचिव डॉ. दीनबन्धु मांझी, कोषाध्यक्ष सारण डॉ. रजनीश कुमार, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, अनुमंडल सचिव दिलीप कुमार, संयुक्त सचिव प्रकाश सिंह, प्रियंका कुमारी, महात्मा गुप्ता, पूर्व प्रमंडलीय सचिव चंद्रमा सिह, आशा कुमारी, रइसूल एहरार खान, शिवजी राय, प्रमोद कुमार, विश्वजीत सिंह तोमर, डॉ. पंकज भारती, अरविंद उपाध्याय, धर्मेद्र कुमार, सुनिल कुमार, मनोरंजन कुमार इत्यादि अनेकों शिक्षक एवं पदाधिकारी हैं।

गोला नगर में शांति व्यवस्था के चलते क्राइम इंस्पेक्टर की अगुवाई में की गई पैदल गस्त।

मालूम हो कि ईद व नवरात्री के त्यौहार के दृष्टिगत गोला नगर के सभी मुख्य मार्गों पर क्राइम इंस्पेक्टर अखिलेश यादव की अगुवाई में पैदल गस्त कर अमन व शांति का संदेश दिया गया।

इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर अखिलेश यादव ने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशानुसार सभी त्यौहारों व मेलों को सकुशल संपन्न कराया जा रहा है।जिसके चलते आगामी ईद का त्यौहार भी सकुशल संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर उप निरीक्षक सुनील यादव,अनेक पाल सिंह, अजीत सिंह, पवन कुमार सिंह सहित भारी संख्या में महिला व पुरुष अभ्यार्थी मौजूद रहे।

मंदिर के पुजारी ने नौ दिनों के लिए लगाई समाधि

गोण्डा। तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम कटरा सहबाजपुर स्थित मेला बगिया में प्राचीन सदाशिव मंदिर है। यहां के पुजारी बाबा धर्मराज ने नवरात्रि के अवसर पर नौ दिन के लिए समाधि लगाई है। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि समाधि लेने से पूर्व बाबा ने बताया था कि वह नौ दिनों तक बिना अन्न जल ग्रहण किए ही देवियों की आराधना करेंगे। बाबा ने 22 मार्च से 30 मार्च तक अन्न जल ग्रहण न करने का व्रत लिया है। इस त्याग के साथ जल से भरे नौ कलश अपने सीने पर रखकर समाधि में लीन हैं। नवरात्रि के समापन पर 31 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर पर बाबा की समाधि आराधना के साथ पूजन अर्चना चल रही है।

कवि अशोक कुमार यादव ने मनाया अपने सुपुत्र का जन्मोत्सव

कवि अशोक कुमार यादव के सुपुत्र मोहित कुमार यादव का 10 वां जन्मोत्सव दिनांक 25 मार्च 2023 को मुंगेली, छत्तीसगढ़ में मनाया गया। मोहित ने अपने स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को चॉकलेट वितरण किया। घर में केक काटकर एवं रिश्तेदारों को आमंत्रित कर जन्मोत्सव मनाया गया। जन्मोत्सव में जुड़ावन राम यादव, शांति यादव, अनिता यादव, संगीता यादव, पूजा यादव, आशा यादव, निशा यादव, मधु यादव, संगीता लिली यादव, कैलिसा यादव, प्रियंका, शांति भैना, प्रदीप सारथी, वीरेंद्र गोलू यादव, सुनील अन्नू यादव परिजन सम्मिलित हुए। जन्मोत्सव के अवसर पर डॉ. सरिता भारद्वाज, संगीता चंद्रवंशी, भारती यादव, शावी सोनी, अन्नपूर्णा कौशिक, खुशी साहू, अमृता बघेल, डॉ. चंद्रशेखर सिंह, देवेंद्र परिहार, डॉ. सत्यनारायण तिवारी, अशोक पटेल आशु, अर्जुन तिवारी, उमेश साहू, रवि यादव, कुलदीप दिवाकर, मनोज यादव, निखिल पब्लिशर, चंपालाल बंजारे, गोविंद पटेल, अनिल जयसवाल, जलेश यादव, संतकुमार चतुर्वेदी, अजीत यादव, गिरिधर दास मानिकपुरी, केशव कुमार यादव, टीकाराम ध्रुव, ज्वाला प्रसाद बंजारे, संजय कुमार अनंत, संजय कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार, धनसिंह साहू, वीरेंद्र जायसवाल, रोहित सोनवानी, राजू यादव, रामा साहू, विजय यादव, रामनवल साहू, नारायण बाडू यादव, मनोज साहू, दीपक गुप्ता, अंजोरी साहू, पुरुषोत्तम यादव, कुशल क्षत्रीय, श्रीराम जोगवंशी, प्रदीप दुबे, पवन डाहिरे, मनोज डहरिया, युवराज घृतलहरे, ओमकार साहू, मनीष डहरिया, आनंद साहू, लक्की यादव, गोपी साहू सहित अन्य दोस्तों, परिजनों और कवियों ने शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी।

मुस्काते चेहरे, पुरे विश्व स्तर पर



दो दिन में, दो हजारों द्वारा सुनी और बेहद सराही गई ग्राम टुडे में हाल में ही, प्रकाशित डॉ रामशंकर चंचल की ताजा कविता यू ट्यूब वीडियो को, मात्र दो दिन में ही अद्भुत रूप से सराहना करते हुए दो हजारों द्वारा सुनी और बेहद सराही गई नई कविता को इतना अद्भुत रूप से मात्र दो दिन में सुना जाना सचमुच देश में यह कविता के प्रति हिन्दी भाषा के प्रति सम्मान और कमाल का लगाव बताता है जो गर्व का विषय है वही डॉ रामशंकर चंचल के साहित्य के प्रति सम्मान और अटुट आस्था को भी जाहिर करता है वन्दनीय है सचमुच, गर्व है देश को कविता को अपने इस उम्दा कलम धनी डॉ चंचल के मुल्यवान साहित्य पर जिसने अल्प समय में ही सारे देश और विश्व स्तर पर अद्भुत रूप से श्रोता बनाएं है जो उनकी कविता का इंतजार करते हैं।

ब्लॉक स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता: सामान्य ज्ञान स्पर्धा के विजेताओं को दिए पुरस्कार

पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रथम पुरस्कार सचिन कुमार साइकिल ,द्वितीय पुरस्कार प्रिया ,शिल्पी ,अजय कुमार सहित 21 बच्चों ने घड़ी व तृतीय पुरस्कार मेडल शोभित अभिजीत सहित 60 लोगों ने को दिया गया रमाकांत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामलीला रोड पिहानी की ओर से ब्लॉक स्तरीय स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन 25 फरवरी सन 2023 किया गया था। इसमें कुईया मझिया, करीमनगर ,र बेला कपूरपुर ,उमर सेंडा, शाहपुर लेहना समेत तीन दर्जन स्कूलों के 600 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख पिहानी कुशी बाजपेई ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भाजपा नगर अध्यक्ष आदर्श सिंह, डॉ मुजाबिर हुसैन जैदी, सेठ अरुण गुप्ता ,अध्यापक अरुण शुक्ला, एनपीआरसी अनिल कुमार आदि लोगों का भी सम्मान व स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि कुशी बाजपेई ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। बच्चों द्वारा की गई मेहनत एवं लगन से पढ़ाई का फल भी मिलता है। बच्चों को शिक्षा के साथ साथ सामाजिक ज्ञान देना भी जरूरी है। ताकि बच्चे समाज में गलत कार्य करने से परहेज करें। जिस बच्चे को आज हम अच्छे संस्कार दे रहे हैं, वहीं कल का भविष्य है।कार्यक्रम के आयोजक व प्रबंधक अशोक शुक्ला ने कहा कि छात्रों के कड़े परिश्रम का ही प्रतिफल है कि बच्चों ने सफलता हासिल करने के साथ अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आए अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि विद्यालय के शिक्षक शिक्षकों की भी कड़ी मेहनत है। विद्यालय के छात्र जनपद ही नहीं, प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में अपनी सफलता का परचम लहरायेंगे। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक अशोक शुक्ला व प्रधानाचार्य मानवेंद्र मिश्रा ने स्मृति चिन्ह व माल्यार्पण करके किया। मुख्य अतिथि कुशी वाजपेई ने प्रथम पुरस्कार ऐठा खेड़ा निवासी सचिन कुमार जो सर्वेश जनसेवा के छात्र हैं प्रथम पुरस्कार में साइकिल दी। मुख्य अतिथि ने द्वितीय पुरस्कार में दीवार घड़ी 21 बच्चों को दी जिनमें करीमनगर से प्रिया ,कुईया की शिल्पी ,बेला कपूरपुर के अजय कुमार शामिल है। तृतीय पुरस्कार में शोभित मझिया, अभिजीत कुईया ,सुषमा शाहपुर समेत साठ बच्चों को मेडल दिया गया। विद्यालय के प्रबंधक अशोक शुक्ला, प्रधानाचार्य मानवेंद्र मिश्रा ,मीना पांडे ,वसंत कुमार समर सिंह, कुलदीप सिंह ,अशोक कुमार ,अंकिता मिश्रा ,शोभित कुमार आदि लोगों ने पुरस्कार वितरण समारोह में अभिभावक व बच्चों को संबोधित किया। पुरस्कार वितरण समारोह का दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेईसमारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्वागत गीत प्रस्तुत करती छात्राएं

एस बी आई लाइफ की नयी शाखा का शुभारंभ

झाबुआ, मध्य प्रदेश में एस बी आई लाइफ की नयी शाखा का शुभारंभ आज सुबह हुआ जो मुख्य अतिथि श्री अनिल जी भट्ट, विशेष अतिथि शैलेश शर्मा और प्रकाश पाटनकर के साथ शाखा मैनेजर आशीष श्रीवास्तव और अन्य अधिकारी श्री विकास जैन , प्रवीण नाहर, अजय नाहर और मनीष त्रिवेदी के कर कमलों से हुआ इस अवसर पर आमन्त्रित सभी ने इस की आवश्यकता पर बल देते सार्थक बताया कि अब नागरिकों को राहत मिल पायेगी एक अच्छा काम हुआ जी सचमुच सराहनी है।

करने को स्वच्छ सीता कुंड धाम, गोमती मित्रों ने किया घंटों श्रमदान

सुलतानपुर गोमती मित्र मंडल परिवार ने अपने साप्ताहिक जागरूकता श्रमदान के तहत रविवार 26 मार्च को भी प्रातः 6रू00 बजे से सीता कुंड धाम पर श्रमदान शुरू करते हुए 9रू00 बजे तक पूरे तट,सीता उपवन और धाम परिसर को पूरी तरीके से साफ सुथरा कर दिया,वर्तमान जिलाधिकारी महोदया श्रीमती जसजीत कौर जी ने भी सीता कुंड धाम के सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता के प्रति विशेष रूचि दिखाई है और संबंधित विभागों को सीता कुंड धाम पर बेहतर क्या हो सकता है इसके लिए निर्देशित भी किया है ऐसी जानकारी गोमती मित्रों को प्रदेश अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह मदन द्वारा दी गई, आरती संयोजक दिनकर सिंह ने गोमती मित्रों से आग्रह किया की हर रविवार होने वाली सायंकालीन आरती में श्रद्धालुओं की बढ़ती हुई भीड़ को देखते हुए सभी गोमती मित्रों का उपस्थित रहना अनिवार्य है ताकि आरती के वक्त की व्यवस्था एवं प्रसाद वितरण सुचारू रूप से हो सके,श्रमदान में मुख्य रूप से उपस्थित रहे संरक्षक रतन कसौधन,मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी,अजय प्रताप सिंह,मुन्ना पाठक,सुनील कसौधन,अनुज प्रताप सिंह,संत कुमार प्रधान,विनोद सेठ, मुन्ना सोनी,विशंभर सोनी,अरविंद सोनी,युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा, सेनजीत कसौधन दाऊ,प्रदीप कसौधन,सोनू सिंह,अर्पित,दीपू, दीपक मोदनवाल,सौरभ गुप्ता,आभास, आलोक,प्रांजल,अभयअर्जुन यादव आदि।

जिला पंचायत कैम्पस में 27 मार्च को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का होगा आयोजन

सुलतानपुर ।जिला पंचायत सुलतानपुर द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 27 मार्च, 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत कैम्पस में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि मा० सांसद सुलतानपुर श्रीमती मेनका संजय गांधी एवं मा0 प्रदेश मंत्री, भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश शंकर गिरि होंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती ऊषा सिंह, मा० अध्यक्ष जिला पंचायत सुलतानपुर करेंगी। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मा0 विधायक सुलतानपुर विनोद सिंह, मा0 विधायक लम्भुआ सीताराम वर्मा, मा0 विधायक सदर राज प्रसाद उपाध्याय, मा0 विधायक इसौली मो० ताहिर खां, मा0 विधायक कादीपुर राजेश गौतम एवं मा०सदस्य विधान परिषद सुलतानपुरअमेठी शैलेन्द्र प्रताप सिंह कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम में जनपद के उच्च अधिकारीगण के साथ–साथ मा० सदस्यगण जिला पंचायत एवं मा० प्रमुखगण तथा जनपद के विशिष्ट लोगों को आमंत्रित किया गया है। सामूहिक विवाह में लगभग 201 पंजीकृत जोड़ो का विवाह सम्पन्न कराया जायेगा। यह जानकारी प्रशासनिक अधिकारीध्सहायक नोडल अधिकारी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम जिला पंचायत दिनेश सिंह ने दी।

कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा भीषण गर्मी के बीच नि:शुल्क प्याऊ की शुरुआत किया गया

सुलतानपुर कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा भीषण गर्मी के बीच नि:शुल्क प्याऊ की शुरुआत कटका मायंग रोड रेलवे क्रासिंग के पास शुरू किया गया ।नि:शुल्क प्याऊ का उद्घाटन कटका क्लब के कोषाध्यक्ष राजकुमार मिश्रा व संस्था के सलाहकार राजेंद्र यादव ने किया ।इस मौके पर उपस्थित कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कहा कि उमस भरी भीषण गर्मी में जिले भर के चौराहों पर लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत राहगीरों को होती है। दुकानदार बगैर कोई खाद्य सामग्री खरीदे उन्हें पानी छूने नहीं देते हैं। ऐसे में लोगों को प्यासा रहना पड़ता है अथवा पाउच में बिकने वाला प्रदूषित पानी खरीदकर पीना पड़ता है। कुछ ही लोग होते ही जो ब्रांडेड कंपनियों का पानी खरीदने की क्षमता रखते हैं। राहगीरों को पानी की समस्या से दो–चार नहीं होना पड़े इसके लिए सामाजिक संस्था कटका क्लब सामाजिक संस्था की ओर से रविवार को रेलवे क्रासिंग में निरुशुल्क प्याऊ शिविर लगाया गया। इस मौके पर उपस्थित संस्था के कोषाध्यक्ष राजकुमार मिश्रा ने कहा कि यह व्यवस्था पूरी गर्मी भर संचालित रहेगी। इस प्रकार की शीतल जल पेय व्यवस्था दूसरे वर्ष भी की गई है और भी क्षेत्र में लगातार नि:शुल्क प्याऊ लगाए जाएंगे ।इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष त्रिभुवन नारायण सिंह, मनीष मिश्रा , ए के शिक्षा निकेतन (प्रबंधक) शीतला प्रसाद पांडये, सुधीर यादव , चंदन कुमार ,राम कुमार यादव सामाजिक क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, शारदा मिश्रा (पंडित) जी , राहुल यादव व अन्य लोग उपस्थित रहे ।

बाबा जनवारीनाथ धाम में प्रत्येक सोमवार को सायं कालीन मंगला आरती का कार्यक्रम तय किया

सुलतानपुर ध लम्भुआ के प्रसिद्ध बाबा जनवारीनाथ धाम में प्रत्येक सोमवार को सायं कालीन मंगला आरती का कार्यक्रम तय किया गया है। प्रथम सायं कालीन मंगला आरती आगामी 27 मार्च 2023, दिन – सोमवार को शाम 6रू00 बजे से आयोजित की गई है। मंगला आरती को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

दरअसल, समीप के सैतापुर सराय गांव में भगवान शिव का स्थान बाबा जनवारी नाथ धाम के नाम से जाना जाता है। गुरुवार को बाबा जनवारी नाथ धाम सेवा संस्थान की बैठक में साप्ताहिक मंगला आरती का निर्णय लिया गया। इसके लिए प्रत्येक सप्ताह के सोमवार को शाम 06 बजे का समय तय हुआ है। संस्थान के अध्यक्ष रणवीर सिंह व सचिव विवेक बरनवाल ने बताया कि प्रथम मंगला आरती के लिए जिलाधिकारी जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा स्थानीय श्रद्धालुओं को इसमें शामिल होने के लिए निवेदन किया जा रहा है। मंगला आरती की जिम्मेदारी पं रविशंकर शुक्ल को दी गई है। पं शुक्ल ने बताया कि विद्वान पुरोहित इस आयोजन में शामिल होंगे। पांच पुरोहित के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण व आरती की जाएगी। प्रथम आयोजन को भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है। साप्ताहिक आयोजन में स्थानीय श्रद्धालुओं की भागीदारी तय करने के लिए सम्पर्क किया जा रहा है।

मा0 जनप्रतिनिधियों, डीएम, सीडीओ द्वारा संयुक्त रूप से "पशु उपचार पशु पालक के द्वार" के अन्तर्गत सचल पशु चिकित्सा इकाई (MVU) वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

पशुपालक आकस्मिक पशुचिकित्सा सेवाओं के अन्तर्गत टोल फ्री नं0–1962 पर कॉल कर प्राप्त करें चिकित्सा सुविधाएं–जिलाधिकारी। सुलतानपुर ।प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आकस्मिक पशुचिकित्सा सेवाओं के अन्तर्गत टोल फ्री नं0–1962 के माध्यम से "पशु उपचार पशु पालक के द्वार" पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना Establishment and Strengthening of Veterinary Hospitals and Dispensaries (ESVHD) के अन्तर्गत मोबाइल वेटनरी यूनिट (सचल पशु चिकित्सा इकाई डटन) का शुभारम्भध्पलैग आफ मा10 मुख्यमंत्री जी द्वारा आज पूर्वान्ह में लखनऊ से किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद सुलतानपुर के विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में मा10 विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह, मा10 भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ0 आर0ए0 वर्मा, मा10 सांसद सुलतानपुर के प्रतिनिधि रंजीत सिंह, मा0 जिलाध्यक्ष अपना दल अभिनाष पटेल, मा10 विधायक लम्भुआ के प्रतिनिधि लक्ष्मीकान्त दूबे तथा जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी जसजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी भूदेव सिंह, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 धीरेन्द्र कुमार, समस्त पशुधन प्रसार अधिकारी, मोबाइल वैन के चालकध्पशुचिकित्सक सहित आदि मौजूद रहे।ज्ञात हो कि इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश की 5 करोड़ 20 लाख पशु संख्या के दृष्टिगत (एक लाख पशु संख्या के सापेक्ष एक वाहन) कुल 520 वाहन संचालित किये गये। पैकेजवार आवंटित वाहनों में से 50 प्रतिशत वाहन पूर्व निर्धारित रूट पर संचालित होंगे तथा 50 प्रतिशत वाहन आकस्मिक पशुचिकित्सा सेवाओं हेतु उपलब्ध रहेंगे। जनपद सुलतानपुर में कुल 14 ब्लाकों हेतु कुल 07 (सचल पशु चिकित्सा इकाई **MVU**) वाहन उपलब्ध कराये गये हैं, जिसमें प्रति दो ब्लाकों हेतु एक वाहन संचालित किये जायेंगे। जिलाधिकारी जसजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, मा0 सांसद सुलतानपुर प्रतिनिधि रंजीत सिंह द्वारा विधि विधान के साथ हरी झण्डी दिखाकर वाहन को रवाना किया गया।जिलाधिकारी जसजीत कौर ने (सचल पशु चिकित्सा इकाई डटन) वाहन के तकनीकी व टेलीमेडिसिन सेवाओं के बारे में सम्बन्धित पशु चिकित्सक से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस योजना के संचालित होने से पशु स्वास्थ्य में सुधार होगा, जिससे पशु पालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने पशुपालकोंध्कृषकों से अपील करते हुए कहा कि आकस्मिक पशुचिकित्सा सेवाओं के अन्तर्गत टोल फ्री नं0–1962 पर कॉल कर चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठायें।मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने बताया कि काल सेन्टर पर प्राप्त कालस को काल एक्जीक्यूटिव द्वारा रिसीव करने के उपरान्त पशुचिकित्सा अधिकारी द्वारा विश्लेषण किया जायेगा तथा बीमारी की गम्भीरताध्आकस्मिकता के अनुसार सचल पशु चिकित्सा इकाई (**MVU**) वाहन को भेजा जायेगा अथवा टेलीमेडिसिन सलाह उपलब्ध कराई जायेगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी भूदेव सिंह व अपर पशुचिकित्सा अधिकारी ने एस.एस. यादव ने बताया कि उक्त सेवा पूर्व निर्धारित रूट शेड्यूल्ड रूट पर प्रातः 8 बजे से 2 बजे अपरान्ह तक तथा इमरजेन्सी रूट पर प्रातः 10 बजे से सायं 8 बजे तक उपलब्ध रहेगी। सायं 8 बजे के बाद प्राप्त हुई पशु पालकों की काल, काल सेन्टर पर रिकार्ड की जायेगी, जिनके सापेक्ष सेवायें आगामी दिवस पर उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर तैयार किये गये शेड्यूल्ड रूट में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकेगा।

उच्च शिक्षा निदेशक प्रो ब्रह्मदेव ने दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय संस्कृति में राजनीतिक चिंतन विषय का किया शुभारंभ

(आजमगढ़)। फूलपुर तहसील के अम्बारी स्थित गया प्रसाद स्मारक राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय संस्कृति में राजनीतिक चिंतनध का शुभारंभ हुआ । गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा निदेशक प्रो ब्रह्मदेव द्वारा किया गया । गोष्ठी के प्रारंभ में महाविद्यालय के गोष्ठी के संयोजक डा नंदलाल चौरसिया ने विस्तार से बताया कि भारतीय राजनीतिक चिंतन बहुत पहले से है । पाश्चात्य राजनीतिक चिंतन आधुनिक चिंतन हैं । प्रोफेसर अजीत राय ने अपने वक्तव्य में भारतीय संस्कृति की उस गौरवशाली परंपरा को याद करते हुए बताया कि पश्चिम की धरती बहुरंगी विपुलता को प्रस्तुत प्रस्तुत करती हैं , लेकिन हमारी धरती राजधर्म को प्रस्तुत करती है । कुछ बात है ।

सपा नेता का निधन

आजमगढ़ मेहनगर विधानसभा के सपा विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र यादव उम्र 60 वर्ष पुत्र स्वर्गीय कोमल यादव का गंभीर बीमारी ब्रेन ट्यूमर से ग्रसित थे और लाइफ लाइन अस्पताल में भर्ती थे जिनका आज इलाज के दौरान लगभग 10रू00 बजे स्वर्गवास हो गया मौत की सूचना घर पर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार सपा नेता वीरेंद्र यादव ग्राम वजीर मलपुर थाना गंभीरपुर निवासी 17 साल निजामाबाद विधानसभा अध्यक्ष रहे वर्तमान में मेहनगर विधानसभा अध्यक्ष रहे वीरेंद्र यादव ब्रेन ट्यूमर बीमारी से ग्रसित हो गए थे 15 फरवरी को सुबह घर पर नहा कर खाना खाने घर में जा रहे थे कि अचानक गिर गए और अचेत हो गए परिवार के लोगों ने आनन–फानन में बिंद्रा बाजार स्थित के एल मेमोरियल में भर्ती कराया जहां एक हफ्ते इलाज के बाद स्थित में सुधार ना होने पर लाइफ लाइन फैसिलिटी अस्पताल आजमगढ़ में भर्ती कराया गया 1 महीने तक जिंदगी और मौत के बीच जूझते रहे जिनका आज रविवार को लगभग 10रू00 बजे मौत हो गई मौत की सूचना जैसे ही घर वालों को मिली परिवार कोहराम मच गया पत्नी विद्या का रो रो बुरा हाल मृतक के2 पुत्र अरविंद यादव व अभिषेक यादव एक पुत्री गुड़िया है एक पुत्र एक पुत्री की शादी हो गई है वीरेंद्र यादव का शव जैसे ही घर पहुंचा सभी दलों के नेता सहित क्षेत्रीय लोगों का तांता लग गया।

विज्ञापन दर

समाचार पत्र का साइज 25x32

फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।

अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626

जिला प्रयागराज में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ऐसे दिव्यांग जनों को चिन्हित किया

दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए प्रयागराज दिव्यांग जन दिव्य सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिला पंचायत सभागार में 120 दिव्यांग जनों को मो मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण किया गया ऐसे दिव्यांगजन जो 80 प्रतिशत से ऊपर हैं उन्हें बैटरी चालित मोटराइज्ड ट्राई साइकिल सरकार की तरफ से मुहैया कराई जाती है जिला प्रयागराज में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ऐसे दिव्यांग जनों को चिन्हित किया उनसे 1 माह पूर्व ऑनलाइन आवेदन कराया इसके बाद जिला पंचायत सभागार में एक आयोजन करके 120 दिव्यांग जनों ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई इस कार्यक्रम में क्षेत्र की सांसद श्रीमती केसरी देवी पटेल एमएलसी केपी श्रीवास्तव एमएलसी निर्मला पासवान विधायक पीयूष रंजन मुख्य विकास अधिकारी जिला दिव्य अधिकारी श्री नंदकिशोर लोकल लेबल कमेटी के सदस्य एवं राष्ट्रीय दिव्यांग मोर्चा के अध्यक्ष लवलेश सिंह भोलानाथ शैलेंद्र मधुकर शैलेंद्र दुबे राजू पांडे मनीष आशीष अजय राणा चंद्रिका पटेल आदि लोग उपस्थित थे यह यह जानकारी लवलेश सिंह ने दी

प्रयागराज से महामंत्री प्रमिल केसरवानी मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी एवं कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र केसरवानी मनोनीत किए गए

27 मार्च प्रयागराज,उत्तर प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा के प्रदेश अध्यक्ष तीरथ राज गुप्ता ने उत्तर प्रदेश केसरवानी वैश्य सभा कि अपनी नई टीम का गठन किया जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय वैश्य प्रयागराज, उपाध्यक्ष रतन कुमार केसरी सिरसा, सीताराम केसरी वाराणसी, संजय केसरी गाजीपुर, श्रीष प्रसाद गुप्ता बलिया, ज्ञानेंद्र कुमार गुप्ता खागा फतेहपुर, राधेश्याम केसरवानी मनौरी कौशांबी, सुशील कुमार केसरवानी कानपुर, श्यामसुंदर केसरवानी मिर्जापुर, महामंत्री प्रमिल केसरवानी प्रयागराज, प्रबंध मंत्री श्रीकांत केसरवानी प्रयागराज, कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र केसरवानी प्रयागराज, मंत्री रमेश कुमार केसरवानी सुल्तानपुर, राकेश कुमार केसरवानी अजूबा कौशांबी, जय कृष्ण केसरवानी प्रयागराज, प्रदीप कुमार केसरवानी वाराणसी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता लखनऊ, लव कुश प्रसाद केसरवानी सोनभद्र, लाल बाबू केसरवानी म्योराबाद सोनभद्र, अशोक कुमार गुप्ता कौशांबी, मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी प्रयागराज,सह मीडिया प्रभारी अमित केसरवानी लखनऊ, संगठन मंत्री हनुमान प्रसाद केसरवानी सोनभद्र, वीर बहादुर केसरी बलिया, शिव शंकर केसरी मिर्जापुर, रमेश चंद्र केसरवानी कानपुर, सतीश चंद्र केसरवानी प्रतापगढ़, सुरेश चंद्र केसरवानी चित्रकूट धाम कर्वी, मनीष कुमार केसरवानी जौनपुर, दीपक कुमार केसरवानी सिराथू, प्रचार मंत्री अभय कुमार वैश्य प्रयागराज, रामचंद्र गुप्ता प्रयागराज, प्रदेश केसरवानी महिला सभा की अध्यक्ष अरुणा केसरवानी प्रतापगढ़, महामंत्री वंदना केसरी वाराणसी, कोषाध्यक्ष रितु केसरवानी मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश केसरवानी तरुण सभा के अध्यक्ष दीपक गुप्ता कानपुर, महामंत्री गिरिधर गोपाल केसरवानी धर्मेंद्र कौशांबी, कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद्र केसरवानी चित्रकूट धाम कर्वी, एवं उत्तर प्रदेश केसरवानी वैश्य जनगणना पंजीयन समिति के प्रमुख राज केसरवानी कानपुर को मनोनीत किया गया मनोनीत किए गए सभी पदाधिकारियों को केसरवानी समाज के लोगों ने बधाई दी

इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी किया जायेगा आयोजन

जिला पंचायत सभागार एवं प्रांगण में दो दिवसीय ईट राइट मेला–2023 का आयोजन 27 एवं 28 मार्च, 2023 को किया जायेगा। 27 एवं 28 मार्च को श्री अन्नधमिलेट व्यजनों पर आधारित स्टॉलध्प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। 27 मार्च को पोषण रैली, पोस्टर, स्लोगन, रंगोली, कुकिंग प्रतियोगिता, विशेषज्ञों द्वारा मिलेट्स आधारित पैनल डिस्कशन किया जायेगा। 28 मार्च को वकाथन रैलीध्सांस्कृतिक कार्यक्रम व सम्मानध्समापन समारोह का आयोजन किया जायेगा। वकाथन रैली शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क से हिंदू हॉस्टल चौराहा मनमोहन पार्क होते हुए जिला पंचायत भवन परिसर में समाप्त होगी। जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने दो दिवसीय आयोजित कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किए जाने एवं कार्यक्रम को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु अधिकारियों के दायित्व निर्धारित किए है। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करते हुए कार्यक्रम को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देशित किया है।

मा0 मंत्री जी ने श्री अन्न मिलेट व्यजनों पर आधारित स्टॉल प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मोटे अनाजों से बने व्यजनों के बारे में ली जानकारी

दो दिवसीय ईट राइट मिलेट्स मेला–2023 के आयोजन के अन्तर्गत जिला पंचायत सभागार एवं प्रांगण में श्री अन्नधमिलेट व्यजनों पर आधारित स्टॉलध्प्रदर्शनी का अवलोकन किया जा रहा है। इस अवसर पर मा0 मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने फीता काटकर ईट राइट मिलेट्स मेला का उद्घाटन किया तथा वहां पर श्री अन्नधमिलेट व्यजनों पर आधारित स्टॉलध्प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मोटे अनाजों से बने व्यजनों का आनंद लिया। मा0 मंत्री जी ने 09 कन्याओं को मिलेट्स किट्स का वितरण किया। कार्यक्रम में राजकीय बालिका इण्टर कालेज, ज्वाला देवी इण्टर कालेज सिविल लाइन, रॉयल पब्लिक स्कूल आदि स्कूलों के छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर मा0 मंत्री जी ने वहां पर उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोटे अनाज के प्रयोग से आपका जीवन स्वस्थ्यमय रहेगा। उन्होंने कहा कि जैसा अन्न, वैसा हमारा तन और मन, यह बहुत ही पुरानी कहावत हैं। आज यह वास्तविकता में बदल रहा है। आज हम सभी लोग ऐसे भोज्य पदार्थों का ज्यादातर ग्रहण कर रहे है, जिससे हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आज की पीढ़ी मोटे अनाज के फायदों से पूरी तरह अंजान है। हमें उन्हें उसके लाभों के बारे में बताना होगा और उसके सेवन के लिए प्रेरित करना होगा। साथ ही हमें भी अपने भोजन में नियमित रूप से मोटे अनाज को सम्मिलित करना होगा। मा0 मंत्री जी ने मा0 प्रधानमंत्री जी को बधाई देते हुए कहा कि यह उन्हीं की पहल है कि आज पूरा विश्व वर्ष 2023 को मिलेट्स दिवस के रूप में मना रहा है। मा0 मंत्री जी ने कहा कि मोटे अनाज की खेती से किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफा होगा, जिससे किसानों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि आयेंगी। कोविड काल के बाद लोगो ने पौष्टिक आहार के महत्व को समझा है और अपने शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थों का अपने दैनिक जीवन में उपयोग करना शुरू किया है। मोटे अनाज का सेवन शरीर को मजबूती प्रदान करते है तथा बीमारियों से भी बचाते है। मा0 मंत्री जी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगो से यह संकल्प लेने के लिए कहा कि हम अपने और सहयोगीध परिचतों को श्री अन्नधमोटे अनाज के महत्व के बारे में बतायेंगे तथा इसे अपने भोजन में नियमित रूप से सम्मिलित करेंगे।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह ने मोटे अनाज से होने वाले लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि इसके सेवन से शरीर के अंग स्वस्थ रहेंगे तथा अपना कार्य बेहतर तरीके से करेंगे। मोटे अनाज के सेवन से हमारा शरीर बीमारी से मुक्त एवं स्वस्थ रहता है तथा यह शरीर में कैल्सियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन, कार्बोहाईड्रेट की जरूरतों को पूरा करता है और शरीर को मजबूत बनाना है। मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष जी ने कहा कि यह सभी फसल आर्गेनिक फूड्स है और यह सभी फसल बिना किसी खाद का उपयोग किए पैदा हो जाते है। उन्होंने मोटे अनाज से जुड़ी फसलों के उत्पाद तथा इसका अपने दैनिक जीवन में उपयोग करने के लिए कहा है। मोटे अनाज के सेवन से आपके शरीर में फर्क साफ दिखायी पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सभी लोगो को अपने भोजन में मोटे अनाज का उपयोग करना चाहिए। जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सभी अच्छा आहार लेने की बात तो करते है, लेकिन खाने में लापरवाही बरतते है। कुछ वर्षों पहले तक हम सभी लोग मोटे अनाज का प्रयोग अपने खाने में किया करते थे, लेकिन अब नई पीढ़ी इसके फायदों से अंजान है और उसे भूल गये है। इस कारण हम प्रकृति से भी दूर हो रहे है और स्वास्थ्य का भी नुकसान हो रहा है। आज कल मोटापा, ब्लड प्रेशर, सूगर आदि बीमारियां बढ़ी है, इसका एक प्रमुख कारण पौष्टिकता से भरपूर मोटे अनाज का सेवन न करना है। हर व्यक्ति खुश रहना चाहता है, खुश तभी रहेगा, जब उसका शरीर स्वस्थ्य रहेगा। हमें मोटे अनाज के फायदों को जानकर उसका अपने भोजन में उपयोग करना होगा। 27 एवं 28 दो दिवसीय ईट राइट मेलेट्स मेले में मोटे अनाज से तैयार विभिन्न फूड्स की प्रदर्शनी जनपद के प्रसिद्ध दुकानदारों के द्वारा लगायी गयी है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगो को इस मेले में सम्मिलित होकर मोटे अनाज के महत्व को समझने और उसे अपने जीवन में अपनाएं जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर मा0 विधान परिषद सदस्य श्री सुरेन्द्र चौधरी, सिटी मजिस्ट्रेट श्री सत्यप्रिय सिंह, जिला विकास अधिकारी श्री भोलानाथ कनौजिया, सहायत आयुक्त खाद्य द्वितीय ममता चौधरी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अतीक अहमद के बाद उसके भाई अशरफ को भी नैनी जेल में किया गया शिफ्ट, हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया

अतीक अहमद के बाद उसके भाई अशरफ को भी देर शाम नैनी जेल में शिफ्ट कर दिया गया। अतीक अहमद को हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया है। उसकी सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। जेल के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का बंदोबस्त किया गया है।अतीक के पहुंचने के पहले नैनी जेल में सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया था। अतीक की वैन पहुंचते ही जेल का मुख्य द्वार खोलकर अतीक की वैन को अंदर ले जाया गया। मुख्य जेल अधीक्षक कार्यालय के सामने माफिया को वाहन से उतारा गया। इसके बाद उसे हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया है। सीसीटीवी से उसकी निगरानी की जा रही है। केंद्रीय कारागार नैनी में माफिया अतीक अहमद के पहुंचने के बाद उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। बदली गई बेटे की बैरक अतीक अहमद के नैनी जेल में आने के बाद यहां पहले से बंद उसके बेटे अली अहमद की बैरक बदल दी गई है। अली अहमद को पहले हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया था। अतीक के आने की आहट के बाद उसके बेटे की बैरक बदल दी गई। हाईसिक्योरिटी बैरक से हटाकर उसे सर्किल एक के बैरक में शिफ्ट कर दिया गया। अतीक से पूछताछ के लिए दाखिल की गई अर्जी उमेश पाल हत्याकांड में अतीक अहमद को रिमांड पर लेकर पूछताछ के लिए पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। हालांकि इस पर अभी फैसला नहीं आया है। इसके अलावा अशरफ से भी पूछताछ की तैयारी की जा रही है। जेल में अतीक, अशरफ और अली अहमद को अलग–अलग जेल में रखा गया है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जेल में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। इसके मद्देनजर फिलहाल मुलाकात भी अभी बंद रहेगा। अतीक अहमद को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा उमेश पाल हत्याकांड के आरोप में नामजद अतीक अहमद को मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे कोर्ट में पेश किया जाएगा। एमपीएमएलए कोर्ट के न्यायाधीश दिनेशचंद्र शुक्ल ने कोर्ट ने 28 मार्च को उसे अदालत में पेश करने का आदेश जारी किया है। जब तक अतीक का खात्मा नहीं होगा तब तक न्याय नहीं मिलेगा– जया उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा कि जब तक माफिया अतीक अहमद का खात्मा नहीं होगा, तब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया है कि अतीक अहमद को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए और उसके जीने का अधिकार छीन लिया जाए।

देश का धन लेकर भागे मोदियों को पिछड़ों से जोड़ना पिछड़ों का अपमान है संजय गुर्जर

झुग्गी झोपड़ी संवाददाता

नोएडा 2 7 मार्च को भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुर्जर ने मीडिया को जारी अपने बयान में कहा कि पिछड़ा वर्ग से देश का पैसा लेकर भागे हुए मोदियों का कोई लेना–देना नहीं है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का यह बयान कि राहुल गांधी ने देश का पैसा लेकर भागे ललित मोदी व नीरव मोदी को चोर कहा है, यह पिछड़ा वर्ग का अपमान है, मैं बाबा से जानना चाहता हूं कि 2017 में सरकार परिवर्तन होने पर आप ने मुख्यमंत्री आवास को गंगा–जल से धुलवाया था यह किसका अपमान था? पिछड़ा वर्ग के एक मुख्यमंत्री से आप इतनी हीनता रखते हो तो आम पिछड़ा वर्ग के लोगों से कितनी रखते होंगे? इस से बड़ा तो कोई अपमान नहीं हो सकता। राहुल गांधी ने तो केवल चोरों को चोर कहा है तो इसे पिछड़ा वर्ग से क्यों जोड़ रहे हैं? क्या पिछड़ा वर्ग की पहचान चोरों से है? या देश का पैसा लेकर भागे दोनों मोदी पिछड़ा वर्ग के सिरमौर हैं? देश में समझ नहीं आ रहा कि हो क्या रहा है? संवैधानिक पदों पर बैठे लोग उल्टे–सीधे बयान दे रहे हैं।हमारा राहूल व कांग्रेस से कोई लेना–देना नहीं है लेकिन किसी के साथ भी गलत हो तो हम उसका विरोध करेंगे। लोकतंत्र में यह बात और चीजें ठीक नहीं है। इससे समाज व देश का स्वरूप खराब होता है, सत्ता आती–जाती रहती है लेकिन राजनैतिक लोगों को राजनीतिक मर्यादा को नहीं भूलना चाहिए। रामपुर में एक ही परिवार के दो लोगों की सदस्यता खत्म करना और अब राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करना बहुत बड़ी गलत बात है। बीस लाख लोग सांसद चुनते हैं और पांच लाख लोग विधायक चुनते हैं। यह अडानी का टेंडर नहीं है। न्याय– पालिका को भी ध्यान देना होगा सही और गलत फैसले लेने के लिए।

भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के द्वारा भजन संध्या का किया गया आयोजन

27 मार्च प्रयागराज,नवरात्रि के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मां ललिता देवी के धाम में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा सुंदर–सुंदर भजनों की गीत प्रस्तुत किए गए इसके पूर्व एनजीओ प्रकोष्ठ की संयोजिका श्रीमती पिंकी जायसवाल ने पूरी विधि विधान के अनुसार मां ललिता की पूजा करते हुए जन कल्याण की कामना की

कार्यक्रम की संयोजिका पिंकी जायसवाल जी रही

कार्यक्रम में प्रमुख रुप से रजनीकांत श्रीवास्तव, राजेश केसरवानी ,अजय अग्रहरि,कविता यादव त्रिपाठी, सुनीता साहू ,जूही श्रीवास्तव, सुनीता पाल, रेखा पाल, अलका पाल, सरिता पाल ,कमला पाल, सविता, पुष्पा ,सुषमा, सुशीला, मंजू, ज्योति जायसवाल, सरिता यादव, शत्रुघ्न जायसवाल,आदि उपस्थित रहे

भगवान को भक्ति की सत्ता स्वीकार करना पड़ता है

प्रयागराज 27 मार्च। जनकपुर में सीता जी के विवाह हेतु आयोजित स्वयंवर में भगवान राम और छोटे भाई लक्ष्मण जी गुरु विश्वामित्र जी के साथ गए। वहां जानकी जी की वाटिका में पूजा के लिए फूल तोड़ने भगवान राम व लक्ष्मण जी गए। जब वाटिका में प्रवेश करने लगे तो माली ने रोका। माली ने कहा कि हम जाने भी देंगे तो अंदर बाग में बहुत से भवरे हैं वह आप कमल नयन (कमल के समान नेत्रों) और मुख कमल (कमल के समान मुख) पर आकर मंडराने लगेंगे। जिससे आप संकट में पड़ जाएंगे। फिर भी जाना ही है तो सीता जी की जय बोल कर प्रवेश करिए। माली ने कहा श्राप के प्रताप से आप द्वारा तोड़े गए फूलों वाले विटप उड़ जाएंगे जैसे आप चरण छू जाने से पत्थर की शीला गायब हो गई थी। इसलिए पहले भक्ति की प्रतीक सीता का जयकारा करिए। अर्थात ब्रह्म (ईश्वरत्व) प्राप्त करने के लिए भक्ति व भक्त की सत्ता स्वीकार करना ही पड़ता है। उक्त प्रसंग का वर्णन प्रख्यात श्री राम कथा एवं श्रीमद्भागवत के मर्मज्ञ पूज्य व्यास डॉ अनिरुद्ध जी महाराज ने मां कल्याणीदेवी परीक्षेत्र में श्री नव संवत्सर मानस समिति द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा कार्यक्रम में सुनाया।

प्रखर राष्ट्र चिंतक डॉ अनिरुद्ध जी महाराज ने बताया कि मिथिला ज्ञान व भक्ति की नगरी है। सीता जी साक्षात भक्ति का ही स्वरूप हैं। इसलिए भक्ति की सत्ता को स्वीकार किए बिना राम जी (ब्रह्म) को वाटिका में प्रवेश नहीं मिला। लक्ष्मण जी ने अखिल कमल पुष्पों से राम जी की जटा सजा दिया। वहां पड़े मोर पंखों को राम जी के सर पर लगा दिया। भावार्थ व्याख्या यह की जब पंख ने मोर से अपना रिश्ता समाप्त करके मोर तोर से दूर हो गया तो उसे ब्रह्म के शीर्ष पर स्थान मिल गया। श्री राम कथा के छठे दिन माता कल्याणी के भव्य एवं आकर्षक श्रृंगार मयी स्वरूप का दर्शन प्रातः 5रू00 बजे से रात्रि 12 00 बजे तक भक्तों ने किया। श्री नव संवत्सर मानस समिति प्रयागराज के संयोजक एवं मां कल्याणी देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष आचार्य पंडित सुशील कुमार पाठक ने बताया कि प्रतिदिन सांय 7रू00 बजे से रात्रि 11रू00 बजे तक, श्री राम कथा, प्रातः 8रू00 से 11रू00 बजे तक एवं सांय 4रू00 से 6रू30 बजे तक, मां कल्याणी का पूजन प्रतिदिन प्रातः 5रू00 से 1रू00 बजे तक तथा मां कल्याणी का भव्य नूतन श्रृंगार प्रतिदिन सांय 6रू00 से अपरान्ह 1रू00 बजे तक गुरुवार 30 मई तक चलेगा। उत्तर प्रदेश शासन के अमृत महोत्सव योजना के अंतर्गत आकाशवाणी व दूरदर्शन के कलाकार उमेश कनौजिया एवं प्रदीप वर्मा के साथी कलाकारों द्वारा देवी गीत व माता की झांकी प्रस्तुत की गई।

हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वाले लोगो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाने एवं दुर्घटनाओं की ऑडिट भी कराये जाने के निर्देश दिए है, जिससे कि दुर्घटनाओं के कारणों के बारे में ठीक ढंग से जानकारी हो सके। जिलाधिकारी ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी से माह फरवरी में हुई सड़क दुर्घटनाओं एवं दुर्घटना स्थलों की थानावार जानकारी ली। जिलाधिकारी ने दुर्घटना बाहुल्य चिन्हित ब्लैकस्पाटों के साथ अन्य ब्लैकस्पाटों का चिन्हीकरण कराते हुए वहां पर स्पीड गन एवं कैमरा अनिवार्य रूप से लगाये जाने के निर्देश पीडब्लूडी, एनएच एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिए है। जिलाधिकारी ने नए चिन्हित ब्लैकस्पॉटों पर साइन बोर्ड लगवाये जाने के लिए कहा है, जिसमें उल्लिखित हो कि "आप कैमरे की नजर में है, हेलमेट अवश्य लगाये तथा गति सीमा को मानक के अनुसार रखें"। उन्होंने हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वालो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने एसीपी ट्रैफिक, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी तथा सम्बंधित सड़कों के अधिकारियों को टीम बनाकर ब्लैकस्पाटों पर होने वाली दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने साइट प्रभारी अभियंता एवं थानाध्यक्ष घूरपुर से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है कि दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा किस कारण से मृत्यु हुई है और हण्डिया के साइट अभियंता एवं प्रभारी निरीक्षक हण्डिया से भी स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। अगली बैठक में सभी सम्बंधित अधिकारियों को जो भी दुर्घटनाओं से मृत्यु हुई है, उसका पूरी तरह से ऑडिट कराकर रिपोर्ट लाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने जहां पर भी डिवाईडर हटाये गये है, उनकों तत्काल बंद कराये जाने के लिए कहा है। बैठक में जिलाधिकारी ने आवश्यक स्थानों पर रेफलेक्टर लगवानें के भी निर्देश दिए है। सड़कों के किनारे पेड़ों की टहनियों की छटाई भी कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने हिट एण्ड रन से सम्बंधित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने दुर्घटना बाहुल्य वाले स्थलों के नजदीक पड़ने वाले चिकित्सालयों के स्टॉफ को प्रशिक्षित कराये जाने तथा वहां पर सभी आवश्यक सुविधाओं, एम्बुलेंस, दवा की निरंतर उपलब्धता बनाये रखने एवं एम्बुलेंस का रिस्पांस टाइम तथा अस्पतालों में पेशेंट हैण्डओवर टाइम को कम करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री जगदम्बा सिंह, डीसीपी ट्रैफिक, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी व अन्य सम्बंधित अधिकारीगणों के अलावा ऑटो यूनियन के महामंत्री श्री रघुनाथ द्विवेदी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

बाल सुलभ मनोभावों की सुंदर अभिव्यक्ति

बाल किशोर कहानी संग्रहदृ सुम्मी चिड़िया की सीख साहित्य सृजन करना,और साहित्य में जीना बिलकुल अलग बात है,बाल कहानीकार श्री टिकेश्वर सिन्हा जी,इन बातों में यदि कोई मेल खाता है तो वह है ,साहित्य में जीना।श्री सिन्हा सर जी वास्तव में साहित्य के लिए जीते हैं।चौबीस घंटे चौबीस पहर,सिर्फ और सिर्फ साहित्य के लिए समर्पित रहते हैं। इनके दूसरे पहलू की बात करें तो इनका सारा ध्यान,मनन चिंतन,बाल साहित्य सृजन पर आ टिकता है।ऐसा भी नहीं है की वे मात्र बाल साहित्य ही लिखते है,श्री सिन्हा जी की लेखनी सामाजिक

स्वच्छता,पारंपरिक,ऐतिहासिक,और समसामयिक साहित्य पर भी आबाध गति से चल रही है!जिसमे उनका जीता जागता उदाहरण लघुकथा,कहानी, लेख,आलेख, हायकू, नई कविता आदि है।लेकिन घुमफिर कर उनकी लेखनी वहीं आके रुक जाती है,जहां से वह बाल साहित्य की सृजन कर सके।और इस बाल साहित्य सृजन में उनका कोई जवाब नही हैं।इस मामले में वे बेजोड़ हैं।जिसमें उन्होंने बाल कविता,बालकहानी,बाल पहेली,लिखने में अपनी विशेष पहचान बनाई है। और इसी पहचान को बरकरार रखते हुए उन्होंने बाल सुलभ मनोभावों को सुंदर अभिव्यक्त करते हुए बाल किशोर कहानी संकलन के रूप में ष्सुम्मी चिड़िया की सीखष सृजन कर डाली। जिसमें उन्होंने बाल मन में उठने वाली

जिज्ञासा,अभिलाषा,निष्ठा,प्रेम,ममता,आत्मविश्वास,स्वाभिमान,मिट्टी के प्रति अपनापन की भावना को अपनी कहानी का माध्यम बनाया है।इस संकलन में उनकी पहिली कहानी ष्शशांक की गुरु भक्ति हैष्जिसमे गुरु के प्रति अगाध श्रद्धा और विश्वास को जगाया है,जिसमें शशांक को फूल तोड़ते समय सर्फ के डसने पर भी गुरु के प्रति निष्ठा,बनी रहती है,और जान जोखिम में डाल कर भी अपना कर्तव्य पूरा करता है।दूसरी कहानी ष्करनी का फलष में सारे पंछियों द्वारा एकता का परिचय देते हुए,कौए को सबक सिखाना है।तीसरी कहानी ष्हृदय परिवर्तनष है जिसमे राजा शशांक चंद्र को बेटी सृष्टि द्वारा कर्तव्य बोध कराकर निरीह प्राणियों की रक्षा लिए संकल्प कराना।चौथी कहानीष्राखी का मानष्है जिसमे भाई की याद में रोती हुई बहन का मुस्लिम करीम भाई जान के द्वारा राखी बंधवाकर और जान की बाजी लगाकर कर्तव्य और समरसता का परिचय देना।पांचवी कहानीष्छोटी बहनष्है जिसमे छोटी बहन के द्वारा भाईदृबहन के अटूट प्रेम को दर्शाते हुए, अपने बड़े भाई बिट्टू के दोष को छिपाना और अपने ऊपर ले लेना।छठवीं कहानीष्सच्ची मित्रताष है इसमें भंगी द्वारा पेड़ से गिरकर मूर्छित होना और मित्रता की मिशाल प्रस्तुत करते हुए सारे मित्रों का साथ देना।

सातवीं कहानी ष्खुशियां लौट आईष हैं,जिसमें जंगल में रहने वाले प्राणियों के माध्यम से यह बताया गया की एकता और भाईचारे से बड़े से बड़ा समस्या का समाधान हो जाता है,जैसे की उन्होंने मिलजुलकर अपने जंगल में बांध बनाकर जल की समस्या को दूर कर लिया।आठवीं कहानी ष्मटके का पानीष है जिसमें ज्ञानदृविज्ञान की बात करते हुए कहानीकार ने मटके का पानी ठंडा क्यों होता है ?इस पर उन्होंने मटके के अनगिनत छिद्रों से वाष्पीकरण का होना बताया। इसी प्रकार क्रमशः ष्महत्वाकांक्षाष में प्रणव के अनुरूप लकड़ी के काम करने हेतु मातादृपिता द्वारा प्रोत्साहित करना।मनु समझ गया,बाइक ड्राइविंग, सुम्मी चिड़िया की सीख,शौचालय बन गया,जननी जन्मभूमिश्च,अहसास,हैप्पी दिवाली,इस बार की होली कहानियां सुंदर बन पड़ी है,जिसमे कहानीकार सुंदर मुहावरें जैसेदृ पौ फटना,दिल पजीसना,आंखों से ओझल होना, सिट्टीदृपिट्टी गुम होना,आदि का उपयोग करते हुए प्रकृति पर्यावरण व आंचलिक,सरल सहज भाषा और भावों को कलात्मक बना दिया है।और अपनी बाल मनोवृति का परिचय देने में सफल हो पाए।जिसको पढ़कर बाल किशोर मन को जरूर सीख मिलेगी।

समीक्षाकारदृ अशोक पटेल आशु तुस्मा,शिवरीनारायण(छ जी) 9827874578 कृति का नामदृसुम्मी चिड़िया की सीख कृतिकारदृश्री टिकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला समीक्षकदृअशोक पटेल आशु प्रकाशकदृमधुर प्रकाशन बालोद,(छ ग) मूल्यदृ250।

लघुकथा कन्या पूजन

बहनजी! कल अपनी बिटिया को सुबह आठ बजे हमारे घर कंजक जीमने भेज देना।

जी! भाभी———।

भाभी! एक बात पूछूँ?

हाँ! हाँ! पूछो!

भाभी, यह दो घर छोड़कर जो घर है, हैं तो वह सनातनी ही पर मैंने पिछले नवरात्रों में भी देखा था और इस बार अष्टमी पर भी नोटिस किया कि वह कन्याओं को जीमने के लिए नहीं बुलाते।ष नवरात्रों में उनके यहाँ पूजा पाठ की आवाज तो आती है।

पूजा! तुम्हें यहाँ आए अभी आठ महीने ही हुए हैं इसलिए तुम यहाँ के लोगों से ज्यादा परिचित नहीं हो। इस घर के मुखिया ने अपने घर में काम करने वाली बाई की बारह वर्षीया लड़की पर बुरी निगाह डाली थी। उस दिन काम करने वाली बाई के घर में नवमी की पूजा थी। कन्याओं को जिमाने का काम निपटाते निपटाते उसे देर हो चली थी तो उसने अपनी बेटी को काम पर भेज दिया। इनके यहाँ सब मंदिर गए हुए थे। भरत साहब ने उस मासूम बच्ची को दबोच लिया। वह तो शुक्र है कि उसकी माँ समय पर आ गई और बच्ची बच गई।तुम ही बताओ, जो इंसान स्त्रियों पर बुरी निगाह डाले,क्या उसे कन्या पूजन का अधिकार है। बस तभी से मोहल्ले वालों ने उनका बॉयकॉट कर दिया। अब उनके घर कोई भी कन्या जीमने नहीं जाती।

मौलिक सृजन
ऋतु अग्रवाल
मेरठ

यह सही है कि

हो आत्मविश्वास अपने सामर्थ्य पर ! दृढ़ संकल्प और आगे बढ़ने का हो शस्त्र साथ ! चिंता नहीं चिंतन करता ! व्यथा नहीं व्यवस्था करता ! परिणाम लाने को प्रयास करता ! कायरता नहीं कार्य करता ! हृदय में इंसानियत का दरिया बहता ! उसको भला क्यों किसी से भय लगता ? जिसने आत्मविश्वास खो दिया मानो उसने जिन्दगी के चरम लक्ष्य को खो दिया ।आत्मविश्वास ऐसा अमूल्य धन है जिसको हमें सदैव अपने पास रखना चाहिये खोना नहीं चाहिये ।अगर हमारे पास आत्मविश्वास है तो असम्भव भी सम्भव हो सकता है। अगर हम अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं तो हमें दर्द को अपना दोस्त बनाना होगा ।अपना कॅरियर भी कुछ–कुछ जिंदगी जैसा ही होता है ।जिंदगी की तरह ही कॅरियर में भी काफी उतार–चढ़ाव, सफलता–विफलता देखने के बाद ही कामयाबी मिलती है ।हालांकि जिंदगी में जैसे–जैसे हम अपने सफर पर आगे बढ़ेंगे, वैसे ही हम स्वयं को ज्यादा खोया हुआ और निराश महसूस करेंगे ।ऐसे समय में हम अपने लक्ष्य से पीछे हटना चाहेंगे क्योंकि उस समय हमारा अपना

आत्मविश्वास डगमगा रहा होगा। यही वह समय होगा जब हमें अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहना होगा और स्वयं को प्रोत्साहित करना होगा ।अतः हमारे जीवन में असफलता ही सफलता की जननी है। कहते है की दुःख में ही भगवान याद आते हैं ।भगवान का हृदय से स्मरण करते हैं ।खुद्द पर हो आत्मविश्वास और हो समूचित्त काल भाव से उस और प्रयास तो मैं कह सकता हूँ की मानव को मिले या ना मिले किसी का साथ फिर भी वह बजा सकता सफलता का शंखनाद।

प्रदीप छाजेड़
(बोरावड़)

हर इंसान का चाहिये समाज और देश

में अपना योगदन दे मानव जीवन बहुत बहुत ही मुश्किल से मिलता है यह कहाँ जाता हैं इसके पीछे यही भावना रहती हैं कि हम कुछ अच्छा करे ताकि देश को, समाज को अपना कुछ योगदान दे हर इंसान का जन्म कुछ कार्य के लिए कुछ विशेष रूप से ईश्वर द्वारा रचित है

जिसे इस धरती पर अपना कार्य संपादित कर अपना दायित्व निभाना है

किंतु देखा गया है कि आज अधिकांश लोग इस बात से अनजान है या जानते हुए भी कुछ करना नही चाहते है, सिर्फ खाने और अच्छा पहने को और धुमने को आज अधिकांश लोगों ने अपना जीवन समझ लिया है जैसे इसी लिए उनका जन्म हुआ है

मेरी बात बहुत बहुत कड़वी लग सकती हैं पर एक सच है जो लिख रहा हूँ जबकि इंसान जन्म कुछ कर देश समाज और धरती का कर्ज उतारने के लिए भी है यह बात एकदम सत्य है कि

हम सब मे सब कुछ है जो हम कर सकते है पर ऐसे कार्य के लिए हमें बहुत कुछ त्याग करना पड़ता है

तभी यह सम्भव है बिना त्याग के श्रम के और चाह के बिना सम्भव नहीं है

पर आज अधिकांश लोग सुखों के इतने आदि हो चुके है कि वे कुछ करना ही नही चाहते बल्कि हजारों की सोच है बस बैठे बैठे खाये और बिन कुछ त्याग के परिश्रम के सब कुछ मिल जाय जो कभी भी संभव नहीं है अगर हम सचमुच अपने घर, समाज और देश के लिए भी कुछ करना चाहते हैं तो जीवन में त्याग की

बहुत बहुत जरूरत है

खैर अंत में यही कहूंगा सभी को चाहिए कि हमें मानव जीवन मिला है तो इसको सार्थक कार्य से सार्थक करें और कुछ समय प्रतिदिन देश समाज और दूसरों को सुख चौन और सुकून देने मे भी लगाये ताकि जीवन के अंतिम समय में हमे भी सुख चौन और सुकून मिले नहीं तो यहीं पीड़ा बनी रहेगी अंतिम समय में कि हमें मानव जीवन मिला और हमनें व्यर्थ कर दिया कुछ नहीं कर पाये सिवा खाया पिया और मस्ती के जो देखने में आता है अक्सर लोग ये बात करते दिखाई देते हैं कि क्या करें सारा जीवन कमाने और गंवाने मे लगा दिया कुछ किया नहीं

डॉ राम शंकर चन्चल
झाबुआ मध्य प्रदेश

मिस्र के मंदिर में मिले 2000 से अधिक ममीकृत भेड़ के सिर, अमेरिका के पुरातत्वविदों ने की खोज

मिस्र में पुरातत्वविदों ने 2,000 से अधिक प्राचीन ममीकृत भेड़ के सिर की खोज की है। पर्यटन और पुरावशेष मंत्रालय ने रविवार को कहा, इन्हें फिरौन रामसेस ⅠⅠ के मंदिर में प्रसाद के रूप में छोड़ा गया था।

मंदिरों और मकबरों के लिए प्रसिद्ध दक्षिणी मिस्र के एबिडोस में न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के अमेरिकी पुरातत्वविदों की एक टीम ने कुत्तों, बकरियों, गायों, गजेल्स और नेवले की ममी भी खोदी थी। अमेरिकी मिशन के प्रमुख सामेह इस्कंदर ने कहा कि राम के सिर ष्प्रसादष थे, जो ष्रामसेस द्वितीय की मृत्यु के 1,000 साल बाद मनाया जाने वाला एक पंथष दर्शाता है।

रामसेस द्वितीय ने 1304 से 1237 ईसा पूर्व तक लगभग सात दशकों तक मिस्र पर शासन किया। मिस्र के पुरावशेषों की सर्वोच्च परिषद के प्रमुख मुस्तफा वजीरी ने कहा कि इस खोज से लोगों को रामसेस द्वितीय के मंदिर और 2374 और 2140 ईसा पूर्व के बीच इसके निर्माण से लेकर 323 से 30 ईसा पूर्व टॉलेमिक काल तक हुई गतिविधियों के बारे में अधिक जानने में मदद मिलेगी।

पुरातत्वविदों ने जानवरों के महल के अवशेषों की भी खोज की

ममीकृत जानवरों के अवशेषों के साथ–साथ, पुरातत्वविदों ने करीब 4,000 साल पहले की पांच मीटर मोटी (16 फुट) दीवारों वाले एक महल के अवशेषों की खोज की। उन्हें कई मूर्तियां, पपाइरी, प्राचीन पेड़ों के अवशेष, चमड़े के कपड़े और जूते भी मिले। एबिडोस, जो काहिरा के दक्षिण में नील नदी पर लगभग 435 किलोमीटर (270 मील) की दूरी पर स्थित है, अपने मंदिरों जैसे कि सेती प्रथम के साथ–साथ इसके नेक्रोपोलिज के लिए प्रसिद्ध है।

आर्थिक संकट से जूझ रहे मिस्र को हर साल 30 मिलियन पर्यटकों के आने की उम्मीद

लगभग 105 मिलियन मिस्र के लोग आर्थिक संकट में फंसे है और जीपीडी के 10 प्रतिशत के लिए पर्यटन पर निर्भर है, जिसमें दो मिलियन लोग कार्यरत हैं। काहिरा 2028 तक हर साल 30 मिलियन पर्यटकों के आने की उम्मीद करता है, जबकि कोरोनोवायरस महामारी से पहले यह 13 मिलियन था।

रुप विज्ञान

रुप का स्वरुप एवं परिभाषा

अंगों की चर्चा के समय हमने भाषाविज्ञान के अभिव्यक्ति पक्ष में दो संरचनाओं को स्वीकार किया है। 1) ध्वन्यात्मक सरंचना एवं 2) व्याकरणात्मक संरचना भाषा की व्याकरणात्मक संरचना दो प्रकार की होती है। (क) रुपात्मक संरचना और (ख) वाक्यात्मक संरचना ष रुप ष ध्वनियों का सार्थक युग्म है जो व्याकरण के अनुरुप परिवर्तित होकर कथन में व्यवहृत होता है। इन्हीं रुपों का छोटा या बडा समूह वाक्य कहलाता है। रुप ही पद कहलाता है। वस्तुतः श पदश एवं श रुप श दोनों शब्द पर्यावाची हैं। शब्द तथा रुप (पद) शब्द एवं पद में अन्तर है। सार्थक ध्वनि समूहों को शब्द कहा जाता है तथा शब्द का वाक्य में प्रयोग पद कहलाता है। सामान्यतः बोलचाल में शब्द और पद में अन्तर नहीं किया जाता। दोनों के लिए श शब्द श का व्यवहार किया जाता है। संस्कृत में इसलिए मूल शब्द को प्रतिपादक कहते हैं क्योंकि यह उस मूल शब्द से बनने वाले प्रति पद में विध्यमान रहता है। स्पष्ट है कि संस्कृत भाषा में शब्द तथा पद में पर्याप्त अन्तर है। यथा एक वाक्य देखें – घोडा घास खाना। यध्यपि इसमें वाक्य के लिए आवश्यक कर्ता, कर्म, क्रिया सभी विध्यमान है परन्तु कोई अर्थ अभिप्रेत नहीं। अर्थतत्त्व एवं एंबंधतत्व रू– उपयुक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि मूल शब्द प्रकृति, धातु या प्रतिपदिक तथा पद में यह अन्तर है कि मूलशब्द के वाक्य में प्रयुक्तत होने की योग्यता नहीं होती तथा पद में संबंध तत्व जुडने के कारण यह योग्यता आ जाते है। इस प्रकार हम कह सकते हैं। मूल शब्द. संबंध तत्व = पद या रुप राम मोहन मारा यहाँ यह स्पष्ट नहीं है कि किसने किसे मारा। यदि इसे ही हम संबंध तत्वों से युक्तत कर दें तो वाक्य होगा श रामने मोहन को मारा। यहाँ यह स्पष्ट हो गया है कि मारने की क्रिया करने वाला राम है एवं क्रिया से प्रभावित मोहन है। संबंध तत्व के कार्य रू– पद या रुप व्याकरणात्मक संरचना है। इस व्याकरणात्मक संरचना का आधार है संबंध तत्व। मूल शब्द या प्रातिपदिक में व्याकरणात्मक आवश्यकता के अनुरुप ही संबंध तत्व सम्पृक्त होता है। यथा मैं जाता हूँ। मैं जाती हुँ। वे जाते हैं।वे जाती हैं। उपयुक्त वाक्य में जाना क्रिया के चार रुप हमें मिलते हैं। इनमें जुडे चार संबंध तत्व है आ, ई, ए, ई। श्आ श पुल्लिंग एकवचन का बोधक है, तो ई स्त्रीलिंग एकवचन की। श ए श पुल्लिंग बहवचन का बोधक है तो श ई श स्त्रीलिंग बहवचन की। रुप परिवर्तन रू– एक बात और धावनि परिवर्तन के बाद पुरानी रुपों का प्रचलन समाप्त हो जाता है क्योंकि पुरानी ध्वनि को समाप्त करके ही नई ध्वनि आती हैं जब कि रुप परिवर्तन होने के बाद नए रुपों के साथ पुराने रुप भी चलते रहते हैं। यही कारण है कि कभी – कभी भाषा में एक ही पद के अनेक रुप साथ – साथ मिले जाते हैं। पतन्जलि ने भी महा भाष्य में इस बात को स्वीकार किया है। संस्कृत श गो श के साथ ही उसके अपभ्रंश रुप गोवा, गोणी, गोता, गोपोतलिका, आदि पद भी उसके समय में प्रचलित थे। रुप परिवर्तन की दिशाएँ रू–रुप परिवर्तन की दो ही दिशाएँ हैं 1) नए रुपों की उत्पत्ति या आगम एवं 2) पुराने रुपों का नाश। नए रुपों की उत्पत्ति रू– श रुपों श में जब अधिक एकरुपता आ जाती है, तो रुपों के प्रयोग में भ्रम होने लगता है तब रुपों की एक रुपता समाप्त करके उनमें अनेकरुपता लाने के प्रयास की ओर मनुष्य का मन उन्मुख होने लगता है। नवीनता का आकर्षण भी इसमें सहायक होता है। हिन्दी परसर्गों का विकास इसी प्रक्रिया का परिणाम है। पुराने रुपों का नाश रू– किसी एक के पुराने एवं नए रुपों के एक साथ चलने पर वक्तता पुराने रुपों का प्रयोग भार समझने लगता है। परिणामस्वरुप वह प्रयोग से च्युत हो जाता है किन्तु वक्तता द्वारा भविष्य में ये रुप फिर कभी व्यवहृत हो सकते हैं। संस्कृत के आठ कारकों के रुपों के स्थान पर हिन्दी में केवल तीन प्रकार के ही कारक मिलते हैं। संस्कृत के तीन वचन के विपरीत हिन्दी में दो ही वचन होती हैं। रुप परिवर्तन के कारण रू–1) सरलता की मनोवृत्ति रू– कठिन से सरल की ओर अग्रसर होना मानव प्रवृत्ति है। यह मनोवृत्ति रुप परिवर्तन को भी प्रभावित करती है। कारक एवं वचन तथा लिंग के रुपों की संख्या कम करना इसी मनोवृत्ति का परिणाम है। नित नवीन एवं बनाने की मानव प्रवृत्ति होती है। जब परम्परागत शब्द रुपों का प्रयोग करते – करते मन ऊब जाता है, तो वह नए रुपों की खोज में प्रवृत्त होता है। यथा – सुन्दरता का सौन्दर्य, प्रचुरता का प्राचुर्य आदि। स्पष्टता रू– शब्द रुपों में अत्यधिक समानता से भाषा में अस्पष्टता आ जाति है। इस स्पष्टता को दूर करने के लिए पुनः भाषा के समान रुपों में भेद उत्पन्न किया जाता है। यथा – पालि में तृतीया, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी तथा सप्तमी विभक्ततियों के शब्द रुप समान हो जाने पर षष्ठी विभक्तति के लिए, केरक तथा सप्तमी के लिए, मज्झें आदि सहायक शब्द रुपों का प्रयोग भाषा में चल पडा। इससे षष्ठी एवं सप्तमी विभक्तति के अर्थ में स्पष्टता आ गयी। अज्ञानता रू– श्रेष्ठ के साथ – साथ श्रेष्ठतर, श्रेष्ठतम, उपयुक्त के स्थान पर उपरोक्त आदि रुप अज्ञानता के उदाहरण हैं। शब्दागम, शब्द लोप एवं शब्द विपर्यय रू– शब्द रुपों के परिवर्तन के अतिरिक्तत भाषाओं में नए शब्द रुपों का लोप एवं विपर्यय भी होता है। नए शब्दों का आगम शब्दागम कहलाता है। यथा – पानी – वानी रीतिरिवाज, कागज पत्तर आदि। राजनीतिक एवं सांस्कृतिक प्रभाव के कारण कभी – कभी दूसरी भाषाओं के शब्द भी आ जाते हैं। अंग्रेजी, श गिलास श हिन्दी में पानी पीने के बर्तन के लिए प्रयुक्तत होता है। निश्चय ही हमारे यहाँ भी कोई शब्द अवश्य रहाहोगा, किन्तु वह आज लुप्त है और उसका स्थान अग्रंजी भाषा के शब्द श गिलास श ने ले लिया है।

टी एस शान्ति मदुरै तमिल नाडु।
9486207819

उद्योगपति दिनेश चंद्र उपाध्याय को उत्तर भारतीय समाज गौरव सम्मान

भायंदर। मीरा भायंदर के उद्योगपति तथा समाजसेवी दिनेश चंद्र उपाध्याय को उत्तर भारतीय समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। आनंद चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज मैदान, ठाणे में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में शिवसेना सांसद राजन विचारे ने शॉल और स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तर भारतीय शिवसेना नेता सुरेश दुबे, शहर प्रमुख शिव शंकर तिवारी समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अशोक लीलैंड तथा टोयोटा समूह जैसे प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थान से सेवानिवृत्त होने के बाद श्री उपाध्याय लगातार जनसेवा और राष्ट्र सेवा में जुड़े रहे। उद्योगपति के रूप में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आग्रह पर नोएडा में एक उद्योग संचालित कर रहे हैं। उद्योग और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर प्रधानमंत्री को भी सलाह देते रहे हैं। दिनेश चंद्र उपाध्याय के पुत्र डॉक्टर शैलेंद्र उपाध्याय सुप्रसिद्ध ह्दिय रोग विशेषज्ञ तथा बहू डॉक्टर श्वेता उपाध्याय अमेरिका में कार्यरत हैं। पौत्र दीप उपाध्याय का पिछले दिनों अमेरिका के सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज में दाखिला हुआ है। दिनेश चंद्र उपाध्याय को उत्तर भारतीय समाज गौरव सम्मान दिए जाने पर राहुल एजुकेशन के चेयरमैन पंडित लल्लन तिवारी, महाराष्ट्र के पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह, डॉ राधेश्याम तिवारी समेत अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

निर्मला फाउंडेशन का सम्मान समारोह और काव्य गोष्ठी संपन्न

मुंबई। सांताक्रुज पश्चिम स्थित सोशल वेल्फेयर सेंटर में निर्मला फाऊंडेशन द्वारा एस.एन.डी.टी. यूनिवर्सिटी की हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो डॉ सुनीता साखरे एवं लालबहादुर यादवश्कमलश्का सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार मधुराज मधु की अध्यक्षता एवं कार्याध्यक्ष चंद्रवीर बंशीधर यादव, संरक्षक अजय कुमार गुप्ता ,उपाध्यक्ष डॉ. अमर बहादुर यादव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. महेंद्र,नामदार राही, प्रिंसिपल जगदीश निर्मल कुंभार, वाईस प्रिंसिपल जगन्नाथ यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ कुसुम चौधरी, साहित्यकार राम अवतार यादव,हौसिला प्रसाद अन्वेषी, हराया हरीश, विनय शर्मा दीप , यशपाल शर्मा उपस्थित थे। काव्य गोष्ठी में सुप्रसिद्ध कवि राम सिंह, हिंदी साहित्य अकादमी पुरस्कृत, रवि यादव, जवाहरलाल निर्झर, जाकिर हुसैन रहबर, कल्पेश यादव, अनुराधा रावत, सत्यवती मौर्य, मृदुला तिवारी, प्रेम जौनपुरी, श्रीनाथ शर्मा, श्रीधर मिश्र ने अपनी कविताओं से सभी का मन मोह लिया। गिरधारी लाल पंडित, राजेंद्र कुमार गुप्ता, आरके सर, राकेश वर्मा, विद्या शर्मा, रीमा चौधरी और सीमा चौधरी विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रस्ताविकी फाऊंडेशन की अध्यक्षा प्रो. शशिकला पटेल ने की और बहुत ही रोचक ढंग से संचालन महासचिव डॉ. अमरबहादुर पटेल ने किया।

राष्ट्रीय मानवाधिकार व भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो का राजस्थान में विस्तार

हनुमानगढ़। भारत वर्ष में सबसे तेज विस्तारित हो रहे संगठन राष्ट्रीय मानवाधिकार व भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो ने राजस्थान राज्य में अपना विस्तार करते हुए बाड़मेर, जैसलमेर, बालोतरा, हनुमानगढ़ जिलों में मनोनयन किया है।

उपरोक्त के संदर्भ में राष्ट्रीय मानवाधिकार व भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के पाण्डेय एडवोकेट (हाई कोर्ट इलाहाबाद) ने बताया है कि राजस्थान स्टेट में रघुवीर सिंह राठौर जिलाध्यक्ष बाड़मेर, उदय सिंह जिलाध्यक्ष जैसलमेर, कान सिंह राठौर जिलाध्यक्ष बालोतरा, राकेश कुमार गोयल तहसील अध्यक्ष भा (जनपद हनुमानगढ़) जबकि देवी सिंह जिला सचिव जैसलमेर व धारा राम बयातू (जनपद बाड़मेर) से ऐक्टिव मेंबर मनोनीत किए गए हैं।

बता दें कि राष्ट्रीय मानवाधिकार व भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो राष्ट्रीय स्तर पर कार्य योजना बनाकर मानवाधिकार संरक्षण तथा भ्रष्टाचारमुक्त भारत अभियान पर कार्य कर रहा है।

नशा न निर्धन को देखे न देखे धनवान जो भी करता नशे को शीघ्र पहुंचे शमशान- प्रभारी जागरूकता कार्यक्रम डॉ. अशोक कुमार वर्मा

बरवाला हिसार। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री अमिताभ सिंह ढिल्लों के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा अपने सहयोगी सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार के साथ आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरवाला में पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का सन्देश देते हुए कहा कि ब्यूरो के पूर्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव भारतीय पुलिस सेवा साहब ने एक नारा दिया है तू निश्चय तो कर कदम तो उठा निकल आएगा कोई रास्ता। ये केवल पंक्तियाँ ही नहीं है अपितु उनकी एक नशा मुक्त हरियाणा को लेकर सोच है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आज वे हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा मनुष्य के लिए सबसे घातक है और यदि नशा स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता तो सबसे पहले माँ अपने बच्चे को नशा देती। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने युवाओं से विचार साझा करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति की आयु नहीं देखता और न वह यह देखता है कि व्यक्ति निर्धन है अथवा धनवान है। नशा यह भी नहीं देखता कि नशा करने वाला बलशाली है अथवा दुर्बल। नशा तो केवल मनुष्य के जीवन को नष्ट करता है और उसे श्मशान तक पहुंचता है। उन्होंने बताया कि ड्रग्स बेचने वाले व्यक्तियों की गुप्त सूचनाएं 9050891508 पर दें और नशा छोड़ने वाले भी उपरोक्त नंबर पर सम्पर्क करें। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो का गठन वर्ष 2020 में किया गया था। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने की शपथ ली।

पत्रकार सम्मान व होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

फरिहां – आजमगढ़

निजामाबाद तहसील के शारदा शिक्षण संस्थान फरिहा के प्रांगण में आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के द्वारा रविवार को होली मिलन एवं पत्रकार सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष आजमगढ़ विवेकानन्द पांडेय अध्यक्षता में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उप जिलाधिकारी निजामाबाद कुंदन राज कपूर, व चेयरमैन जिला सहकारी बैंक जय प्रकाश पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार पाण्डेय मौजूद रहे। कार्यक्रम में निजामाबाद एसडीएम ने अपने वक्तव्य में कहा कि, क्षेत्र की बहुत सी समस्याओं का पत्रकार के माध्यम से आसानी से पता चल जाता है, जिससे उसका निराकरण हो जाता है . तथा पत्रकार समाज को आईना दिखाता है ,जिससे शासन प्रशासन अच्छा कार्य कर सके। चेयरमैन जयप्रकाश पांडेय ने कहा कि पत्रकार निस्वार्थ भाव से सेवा करता है हम एक दूसरे का सम्मान करते हैं और सहयोग भी आदान प्रदान करते हैं, जो सराहनीय है ।कार्यक्रम का संचालन आइडियल जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय तहसील अध्यक्ष मार्टिनगंज विनोद कुमार यादव ने किया। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव एवं साहित्यकार संजय कुमार पाण्डेय ने अपने वक्तव्य एवं कविताओं के माध्यम से समाज को दिशा देने का कार्य किए । जिलाध्यक्ष आजमगढ़ विवेकानंद पांडेय ने कहा कि आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन पत्रकार संगठन पत्रकार हित में मजबूती से कार्य कर रहा है और हमेशा करता रहेगा। इस अवसर पर सभी तहसील के अध्यक्ष पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्याम जी उपाध्याय, मनोज गुप्ता, जयप्रकाश श्रीवास्तव, , नुरुलऐन फिरोजी, विजय विश्वकर्मा , मनोज बौद्ध, बृजेश यादव, बेलाल जावेद आदि, पदमाकर पाठक, रामभवन, दुर्गेश मिश्रा, बृजभान विश्वकर्मा, रिंकू चौहान, शिवशंकर यादव, अभिलाष उपाध्याय, विजय शंकर यादव, शिवप्रसाद गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

डॉ रोशनी किरण को मिला संत नामदेव विधा पुरस्कार

मुंबई। महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी द्वारा साहित्यकारों को बांद्रा के रंगशारदा में सम्मानित किया गया, जिसमें साहित्यकार डॉ रोशनी किरण की किताब,कस्तूरी अंतर बसै (दोहा ऋसतसयी) को भी ष संत नामदेव ष विधा पुरस्कार में कांस्य मिला । अकादमी अध्यक्ष सुधीर मुनगंटीवार, कार्याध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) शीतला प्रसाद दुबे , पुरस्कार प्रदाता अभिनेता मनोज जोशी , अकादमी सदस्य गजानन महतपुरकर , प्रोफेसर (डॉ.) सुनील कुलकर्णी एवं प्रोफेसर (डॉ.) करुणाशंकर उपाध्याय द्वारा डॉ रोशनी किरण को यह सम्मान दिया गया। पुरस्कार समारोह में उन्हें सरस्वती ऋ वन्दना करने का भी सम्मान मिला ।

मीडिया को अद्भुत सम्मान देने वाला

देश का पहला साहित्य साधक

डॉ रामशंकर चंचल

मध्य प्रदेश के महान साहित्य साधक डॉ रामशंकर चंचल की दृष्टि में मीडिया बहुत ही आदर और सम्मान के योग्य है उन्होंने सदा ही मीडिया को बहुत बहुत ही आदर से देखा और सम्मान दिया है आज भी मीडिया मे प्रकाशित अपने किसी भी समाचार को, रचना को वे बहुत ही आदर के साथ गूगल पर, स्तर ग्राम और फेस बुक, मसेनजर के अलावा अपनी रचनाओं के साथ यु टू ब चेनलों पर भी अद्भुत रूप से दिलाते हुए रचना पाठ करते हैं जिसके वीडियो को पूरे विश्व स्तर पर हजारों मै सुना और सराहा जाता हैं, इन वीडियो में डॉ चंचल अपने आठ दस दिन के भीतर प्रकाशित समाचार और रचनाओं को लेते हुए रचना पड़ते है देश में पहली बार समाचार पत्रों के समाचार को यू टू ब पर दिखाया जाता है जो पहले कभी ऐसा नहीं हुआ सभी मीडिया के समाचार को पुरा पुरा आदर और सम्मान दे उन्हे बहुत अच्छा और सुखद लगता हैं उनका कहना है मुझे सचमुच बेहद खुशी है कि मेरे देश का मीडिया उम्दा, प्रभावशाली होने के साथ बहुत निष्पक्ष है जो हर कोई की प्रतिभा कला का बहुत ही आदर करते हुए उन्हें पूरा सम्मान दे प्रकाशित करता है देश के इस महान मीडिया को जिस पर देश का आनेवाला कल भी निर्भर करता है जिस पर सभी देशवासियों को विश्व की भरोसा होता है वह बहुत ही निष्पक्ष है ऐसे मीडिया का जितना आदर सम्मान किया जाय कम होगा।

हरियाणा एनसीबी के एडीजीपी श्री अमिताभ सिंह ढिल्लों के दिशानिर्देशों से नशे के विरुद्ध 207वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री अमिताभ सिंह ढिल्लों साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र जिले में आज नशे के विरुद्ध 207वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा आयोजित किया गया। वे आज प्रातरू साइकिल पर सवार होकर पीपली से नए बस अड्डे और सिरसला सड़क पर लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए निकले एवं स्काईट में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा शाखा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय जूनियर रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप में नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान के अंतर्गत मुख्य वक्ता के रूप में पधारे। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी प्रकाश चंद राठी, नरेश पाल, सतीश राणा और किरण कश्यप आदि ने उनका स्वागत किया। ब्यूरो अधिकारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन का लक्ष्य केवल भौतिकतावाद तक सीमित नहीं होना चाहिए अपितु राष्ट्र और देश के प्रति अपने कर्तव्य निर्वहन का हो और वो भी सर्वोपरि। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी सामाजिक और आपराधिक बुराई है जो परिवार के सभी व्यक्तियों के जीवन को प्रभावित करती है। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों एवं कविता के माध्यम से अपनी बात प्रतिभागियों तक पहुंचाई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में जीवन में नशा न करने की शपथ ग्रहण करते हुए कहा कि वे प्रतिबंधित नशा बेचने वाले लोगों की गुप्त सूचनाएं ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर देंगे। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

गुप्ता ट्रेडर्स पर आयोजित मन की बात कार्यक्रम में पहुंचे एमएलसी डॉ सुधीर गुप्ता

पुवायां, शाहजहांपुर ।रविवार को मन की बात का 99 वें एपिसोड का सामूहिक प्रसारण युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष गुप्ता के प्रतिष्ठान गुप्ता ट्रेडर्स पर किया गया। अपने मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सदियों पहले सौराष्ट्र के अनेकों लोग तमिलनाडु के अलग–अलग हिस्सों में बस गए थे।

ये लोग आज भी 'सौराष्ट्री तमिल' के नाम से जाने जाते हैं द्यष बूथ नंबर 399 अपने प्रतिष्ठान गुप्ता ट्रेडर्स पर मन की बात कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य डॉ सुधीर गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के विविध क्षेत्रों के विकास और संघर्ष की गाथाओं पर प्रकाश डालकर हम सबको प्रेरणा देने का कार्य करते हैं ।इस अवसर पर उनके साथ नगर महामंत्री मदन पाल , बृजेश गुप्ता , चिराग गुप्ता, राहुल अग्निहोत्री, गौरव अवस्थी, राज रस्तोगी, पप्पू पांडे, सुमित मिश्रा, अमित गुप्ता , अक्षय मेहरोत्रा, शशांक गुप्ता , ऋषि गुप्ता, अमन गुप्ता , जितेंद्र मिश्रा, विशाल दुबे, पूर्णेश मिश्रा , मनु अग्निहोत्री, अमित श्रीवास्तव , आयुष दुबे , विशाल अग्निहोत्री , आदि उपस्थित रहे।

सिर्फ दो साल जेल में रहने के बाद जिहादी हत्यारों को जमानत मिल गई

रविवार, नई दिल्ली। रामभक्त बजरंगी रिंकू शर्मा के जिहादी हत्यारों को दो साल जेल में रहने के बाद दिल्ली सरकार के सरकारी वकीलों की सहानुभूति के चलते जमानत मिल जाती है। और अब ऐसे दुर्दांत अपराधी बाहर खुले में घूम रहे है और गवाहों को धमका रहे है जंतर मंतर पर आक्रोशित बजरंगियों को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि रिंकू शर्मा की जघन्य हत्या की पूरे देश में कड़ी प्रतिक्रिया आई, पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया लेकिन उन्हें सजा सुनाने की बजाय जमानत दे दी गई न्यायालय में सारे साक्ष्य होते हुए भी जिहादियों के दिल्ली सरकार के मौन समर्थन के कारण हत्यारों को सहानुभूति प्रदर्शित करते हुए जमानत मिल जाती है। और वो बाहर आकर गवाहों को धमकाते है ये रिश्ता क्या कहलाता है ? उन्होंने कहा कि जिस निर्ममता से रिंकू की हत्या हुई, उसने पूरे समाज को झकझोर दिया। राम का नाम लेने के कारण जिहादियों ने उसकी हत्या कर दी जबकि उसी जिहादी की भाभी को हस्पताल में खून भी रिंकू ने दिया था। ये वही क्षेत्र है जहां पाकिस्तान वाली गली अपने पते में लिखकर समान मंगवाया जाता है। जेल में बैठे हुए जिहादियों के परिवार वालों द्वारा गवाहों को धमकाया जाता है। उन्हीं जिहादियों को दिल्ली सरकार के मौन समर्थन के कारण दो साल जेल में रह चुके हैं तो कानून का दुरुपयोग करके जमानत दिला दी जाती है। ऐसे जघन्य अपराध में अगर जिहादियों को ऐसे ही जमानत मिलती रही तो रिंकू शर्मा को न्याय कैसे मिलेगा समाज में आक्रोश बढ़ना स्वाभाविक है। इसी आक्रोश के कारण आज आप सभी इतनी बड़ी संख्या में आए है। उन्होंने कहा हमारी दिल्ली सरकार से मांग है कि वो जिहादियों का मौन समर्थन करना बंद करे, क्योंकि इनके समर्थन के कारण ही जिहादियों द्वारा ऐसी अनेक घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। कभी दिल्ली सरकार दिल्ली दंगे के आरोपी ताहिर के पक्ष में बयान जारी करती है और बाद में अदालतों में सरकारी वकील उनको सजा दिलाने की बजाय उनको बचाने में लगे होते है हमारी केंद्र सरकार से भी मांग है की दिल्ली पुलिस को सक्षम सरकारी वकील नियुक्त करने की अनुमति मिलनी चाहिए नही तो पुलिस की प्रभावी कार्यवाही के बावजूद अपराधी आसानी से जमानत पर छूट रहे है और निर्भीक होकर संज्ञेय अपराध कर रहे है, हमारी केन्द्र सरकार से यह भी मांग है कि दिल्ली में 4 स्थानों पर लगातार गम्भीर जिहादी आक्रमण हो रहे हैं।

उ0प्र0 बार काउंसिल के सह अध्यक्ष का फूल मालाओं से हुआ भव्य स्वागत

गोण्डा। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सह अध्यक्ष का अधिवक्ताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सह अध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल तहसील कर्नलगंज पहुंचे। जिस पर तहसील सभागार में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। अधिवक्तागण ने अपने सह अध्यक्ष का अधिवक्ताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुये सह अध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल ने कहा कि उत्तर प्रदेश बार काउंसिल प्रदेश के अधिवक्ताओं के हित में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 171 मृतक अधिवक्ताओं के परिवार को 8 करोड़ 32 लाख पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। वहीं पिछले वर्ष 34 करोड 67 लाख रुपया दिया गया था। इस मौके पर कार्यवाहक अध्यक्ष प्रताप बली सिंह, मंत्री बाबादीन मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यनरायन सिंह, रामबाबू पाण्डेय एवं अधिवक्ता जीतलाल गोस्वामी सहित अनेकों अधिवक्ताओं ने सह अध्यक्ष का अधिवक्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत करते हुए अपने विचार रखे। इस मौके पर सुशील कुमार सिंह, रामसुरेश तिवारी, संजय मिश्र, अरविंद शुक्ला, धर्मेंद्र मिश्र, सत्यनरायन सिंह, श्यामधर शुक्ल, हृदयनरायन मिश्र, अमरेश चतुर्वेदी, रामबाबू पाण्डेय, जीतलाल गोस्वामी,दिनेश गोस्वामी सहित भारी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

किसान पंचायत के रूप में मनायी गयी डॉ नन्द किशोर की पुण्यतिथि

फूलपुर (आजमगढ़) । फूलपुर तहसील के अम्बारी स्थित सरस्वती राधाकृष्ण मन्दिर पर डॉ नन्दकिशोर यादव की छठवीं पुण्यतिथि किसान पंचायत के रूप में मनायी गयी । किसान पंचायत मे डॉ नन्दकिशोर के व्यक्तित्व एवं कृतत्व पर चर्चा के अलावा किसानों के ज्वलंत मद्दों पर चर्चा किया । इस दौरान किसानों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया ।

